

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर,सोमवार 16 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष -41 ■ अंक-316 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 17 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## एसआईआर की याचिका पर गुस्सा हुए सीजेआई सूर्यकांत

**नई दिल्ली,16 फरवरी।** पश्चिम बंगाल एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। इस बार याचिका दाखिल कर एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश ने जमकर नाराजगी जताई है। खास बात है कि एसआईआर के मुद्दे को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार और ECI यानी भारत निर्वाचन आयोग में तकरार जारी है। बार एंड बेंच के अनुसार, मोहम्मद जिमफरहाद नोवाज ने याचिका दाखिल की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी लिस्ट के इस्तेमाल को चुनौती दी है। इसपर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, 'आर्टिकल 32 में आप चाहते हैं कि हम यह तय करें कि आपके पिता, माता और आदि कौन हैं। यह आर्टिकल 32 याचिका का मजाक है।'

एक अधिकारी ने जानकारी दी है कि 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि नामों की वर्तनी में हुई गलती और विसंगतियों से संबंधित सुनवाई 27 दिसंबर को शुरू हुई और पूरे राज्य में विद्यालयों, क्लब कक्षों और प्रशासनिक भवनों में स्थापित शिविरों में जारी रही। उन्होंने बताया, 'चुनाव अधिकारी अब 21 फरवरी तक दस्तावेजों की जांच करेंगे। अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को



प्रकाशित की जानी है।' अधिकारी ने बताया कि सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) के पास लंबित कोई भी दस्तावेज सोमवार तक अपलोड किए जाने चाहिए। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान करीब 58 लाख नाम (मृत/दोहराव /स्थानांतरित मतदाता) ऐसे पाए गए, जिन्हें सूची से हटाना उचित समझा गया और दिसंबर में प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से बाहर रखा गया। अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की अंतिम तिथि 14 फरवरी थी, जिसे बाद में निर्वाचन आयोग ने बढ़ाकर 28 फरवरी कर दिया था।

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में सात अधिकारियों को गंभीर कदाचार, कर्तव्य में लापरवाही और एसआईआर से जुड़े अधिकारी के के दुरुपयोग के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ये सभी अधिकारी निर्वाचन आयोग के लिए सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। आदेशों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को निर्देश दिया है कि संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभाग के जरिए इन अधिकारियों के खिलाफ तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करें और इसकी जानकारी आयोग को दें। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्य सचिव को 17 फरवरी तक उसके निर्देशों का पालन करने को कहा है, जिसमें बीएलओ को बढ़ा हुआ मानदेय देना और जारी एसआईआर के दौरान जानबूझकर नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना शामिल है।

## राजस्थान में बंद पड़ी फैक्ट्री में तेज धमाके के बाद भीषण आग, 7 लोग जिंदा जले

**जयपुर,16 फरवरी।** राजस्थान के अलवर जिले के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में तेज धमाके के बाद एक बंद पड़ी फैक्ट्री में आग लग जाने से हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में काम कर रहे 7 लोग जिंदा जल गए। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास की फैक्ट्रियों में काम कर रहे मजदूर और कर्मचारी बाहर निकल आए। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दमकल इंचार्ज राजू खान ने बताया की औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट नंबर G-1, 118 में स्थित फैक्ट्री पिछले कई महीनों से बंद पड़ी थी। फैक्ट्री परिसर में बड़ी मात्रा में गत्तों का स्टॉक रखा हुआ था। सोमवार सुबह 10 बजे अचानक फैक्ट्री के अंदर से धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग से 7 लोग जिंदा जल गए। भिवाड़ी पुलिस के आला



अधिकारी मौके पर मौजूद है।

**3 से 4 बार जोरदार धमाके**-बंद फैक्ट्री में ऐसा क्या बन रहा था कि जो तेज धमाका हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के दौरान 3 से 4 बार जोरदार धमाके हुए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। धमाकों की आवाज काफी दूर तक सुनी गई।

**आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर**-प्राथमिक अंदेशा जताया जा रहा है कि फैक्ट्री के अंदर रखे गैस सिलेंडर फटने से ये तेज धमाके हुए होंगे। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि फैक्ट्री में रखा गत्ता तेजी से आग पकड़ रहा था।

**आसपास की फैक्ट्रियों को खाली कराया**-एहतियात के तौर पर आसपास की फैक्ट्रियों को भी खाली करा लिया गया और बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। दमकल कर्मियों ने घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया, हालांकि पूरी तरह शीतलन कार्य देर तक जारी रहा।

## जेएनयू में निकली चेतावनी रैली ब्राह्मण विरोधी नारों से गूंजा कैंपस

**नई दिल्ली,16 फरवरी।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के छात्र संगठन जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन के कार्यकर्ताओं ने रविवार रात अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कैंपस के अंदर चेतावनी रैली निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों द्वारा विवादित और आपत्तिजनक नारे लगाए गए, जिनमें ब्राह्मणवाद मुर्दाबाद, ठाकुरवाद मुर्दाबाद और हिन्दू राष्ट्र मुर्दाबाद जैसे नारे शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने भारतीय जनता पार्टी , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा केंद्र सरकार के खिलाफ भी नारेबाजी की। रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विरोध में भी नारे लगाए गए। इस प्रदर्शन में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाइडलाइंस को लागू करने और छात्रों के रस्टिकेशन (निलंबन) आदेश को रद्द करने जैसे प्रमुख मुद्दों पर फोकस किया गया। छात्र यूनिवर्सिटी प्रशासन की नीतियों को लेकर अपनी चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए एकजुट हुए थे। इससे पहले, हाल के वर्षों की सबसे सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाइयों में से एक में जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी प्रशासन ने JNUSU के चारों पदाधिकारियोंप्रेसिडेंट अदिति मिश्रा और वाइस प्रेसिडेंट गोपिका के बाबू समेतको एक विरोध प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय की संपत्ति में कथित तोड़फोड़ के आरोप में दो सेमेस्टर के लिए रस्टिकेट कर दिया था। छात्र संगठनों का आरोप है कि यह कार्रवाई कठोर और छात्र आवाज को दबाने वाली है, जबकि प्रशासन का कहना है कि कैंपस की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर नियमों के तहत कार्रवाई की गई है।

## संक्रमित पानी पीने से 12 लोग मरे



### इंदौर में जहरीले पानी ने ले ली थीं 16 जानें

मध्य प्रदेश के इंदौर में प्रदूषित पानी की वजह से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही पूरे देश में पीने के पानी को लेकर चिंता समा गई है। पलवल मुख्य चिकित्सा अधिकारी सतिंदर वशिषठ् ने कहा कि लगभग 1500 लोगों की गहन जांच की जा रही है। इसके अलावा उनसे जुड़े लोगों की भी स्क्रीनिंग होगी। कम से कम 800 लोगों को ओपीडी में देखा गया है और जांच के लिए उनका ब्लड सैंपल लिया गया है। 210 लोगों में दो को हेपेटाइटिस बी है और 9 लोगों को हेपेटाइटिस सी है। इन मरीजों को अस्पाल में भर्ती करवाया गया है।

नई दिल्ली,16 फरवरी। इंदौर में जहरीले पानी पीने की वजह से हुई मौतों के बाद हरियाणा के पलवल में भी संक्रमित पानी की वजह से कई लोगों की जान चली गई है। जानकारी के मुताबिक पिछले दो सप्ताह में ही कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है जिसमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। इनमें से चार लोगों की मौत हेपेटाइटिस-बी के कारण बताई गई है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पलवल जिले के हथीन उपमंडल के छांयसा गांव में लोगों की जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की एक टीम तैनात की गयी है। गांव में 400 से अधिक लोगों की जांच की गई है। हालांकि, कुछ ग्रामीणों का दावा है कि मृतकों की संख्या इससे अधिक है और इनमें कुछ युवा भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में से चार लोग हेपेटाइटिस-बी से संक्रमित पाए गए। अन्य तीन मामलों में मौत के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल खाद्य विषाक्तता और दूषित पेयजल की संभावना से भी इनकार नहीं किया गया है। हेपेटाइटिस-बी एक गंभीर यकृत संक्रमण है, जो हेपेटाइटिस-बी वायरस (एचबीवी) के कारण होता है। राज्य स्वास्थ्य विभाग की टीम रक्त के नमूने और अन्य नमूने एकत्र कर जांच कर रही है। जिन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने की आवश्यकता थी, उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छयांसा गांव की कुल जनसंख्या 5700 के करीब है। यहां एक मेडिकल टीम तैनात की गई है जो कि डोर टु डोर जाकर लोगों का चेकअप और स्क्रीनिंग कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक 27 जनवरी से 11 फरवरी के बीच सात लोगों की मौत हुई थी।

## केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**राजनांदगांव,16 फरवरी।** जिले के घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत जालबांधा के मोहंदी गांव में स्थित जया केमिकल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई है। कुछ ही मिनटों में आग ने भयंकर रूप ले लिया है और फैक्ट्री परिसर में अफरा–तफरी का माहौल पैदा कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही घुमका थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर मौजुद है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री परिसर को तुरंत खाली कराया और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में ले लिया है। आग की लपटें इतनी तेज़ हैं कि दूर से भी दिखाई दे रही हैं। धुएं का गुबार आसमान तक फैल गया है, जिससे इलाके में भय का माहौल है। ग्रामीणों और कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। घुमका थाना प्रभारी विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता अभी नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या किसी रासायनिक प्रतिक्रिया की संभावना जताई जा रही है। उन्होंने बताया कि आग पर नियंत्रण पाने के लिए दमकल कर्मी और पुलिस लगातार प्रयास कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है, लेकिन घटना स्थल पर सुरक्षा के पूर्ण इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन पूरी स्थिति पर निगरानी रख रहा है और आग पूरी तरह बुझने के बाद ही नुकसान का आंकलन किया जा सकेगा। फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं, और आसपास के इलाके में लोगों को सुरक्षित रहने की सलाह दी गई है।

## एसडीएम और नायब तहसीलदार की पिटाई से ग्रामीण की मौत

**बलरामपुर,16 फरवरी।** बाक्साइट के अवैध खनन की जांच के दौरान एक बड़ी घटना सामने आई है। बलरामपुर जिले के हंसपुर में कुसमी एसडीएम एवं नायब तहसीलदार के साथ युवकों ने तीन ग्रामीणों की पिटाई कर दी। मारपीट में घायल एक ग्रामीण की कुसमी हॉस्पिटल में मौत हो गई एवं दो अन्य घायल हैं। बताया गया है कि राजस्व टीम हंसपुर में बाक्साइट के अवैध उत्खनन की जांच करने पहुंची थी। घायलों ने बताया कि वे गेंहू के खेत में पानी की सिंचाई कर लौट रहे थे। जानकारी के मुताबिक, कुसमी एसडीएम करूण डहरिया व नायब तहसीलदार पारस शर्मा के साथ राजस्व टीम हंसपुर में बाक्साइट के अवैध उत्खनन की जांच करने रविवार देर शाम को पहुंची थी। रात में हंसपुर के तीन ग्रामीण सरना के पास टीम को मिले। आरोप है कि एसडीएम एवं नायब तहसीलदार एवं उनके साथ पहुंचे युवकों ने तीनों ग्रामीणों की डंडों एवं लात से बेदम पिटाई कर दी। टीम ने तीनों को वाहन में बैठाकर कुसमी लेकर आए। रास्ते में मारपीट में घायल एक ग्रामीण बेहोश हो गया।

**हॉस्पिटल में एक की मौत, दो अन्य घायल**-रास्ते में एक ग्रामीण के बेहोश हो जाने पर एसडीएम की टीम ने ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी पहुंचाया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक ग्रामीण राम नरेश राम (60 वर्ष) की मौत हो गई। दो अन्य ग्रामीण अजीत उरांव (60 वर्ष) एवं आकाश अगरिया (20 वर्ष) घायल हैं। घायल आकाश अगरिया एवं अजीत उरांव ने बताया कि वे गेंहू में पानी सिंचपई करने गए थे। रात करीब 8 बजे लौट रहे थे। वहां एसडीएम की गाड़ी एवं एक अन्य वाहन में सवार करीब 6 से 7 लोगों ने सरना के पास उन्हें रोका एवं पूछा कि कहां से आ रहे हो। इसके बाद डंडे एवं लात से उनकी बेदम पिटाई कर दी। उन्हें गाड़ी में बैठाकर कुसमी लाया जा रहा था। रास्ते में राम नरेश राम बेहोश हो गया तो तीनों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

मारपीट में एक ग्रामीण की मौत एवं दो अन्य के घायल होने के बाद हंगामें की आशंका को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कुसमी थाने में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। कुसमी में अतिरिक्त पुलिस बल भेजा गया है। जांच के लिए बलरामपुर एडिशनल एसपी विश्व दीपक त्रिपाठी कुसमी पहुंच गए हैं। जानकारी के अनुसार कुसमी एसडीएम एवं नायब तहसीलदार सहित मारपीट में शामिल युवकों को राजपुर थाने में बैठाकर रखा गया है। ग्राम हंसपुर में बाक्साइट का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। एक बाक्साइट लोड ट्रक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था एवं ब्लैकमेलिंग की जा रही थी। इसकी सूचना पर एसडीएम एवं नायब तहसीलदार हंसपुर पहुंचे थे। एसडीएम व नायब तहसीलदार बगैर सुरक्षाकर्मियों के स्थानीय युवकों के साथ मौके पर पहुंचे थे। मारपीट में स्थानीय युवक सुदीप, मंदीप व विक्की सिंह व अन्य शामिल बताए गए हैं। पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल की बात कही है। अंबिकापुर से फारेंसिक एक्सपर्ट को कुसमी बुलाया गया है। घटना के बाद पुलिस ने अभी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

## पति को फंसाने की साजिश नाकाम झूठे दहेज आरोपों पर हाईकोर्ट सख्त

**बिलासपुर,16 फरवरी।** बिलासपुर से एक अहम कानूनी फैसले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पत्नी द्वारा पति और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज कराई गई झूठी और निराधार दहेज प्रताड़ना शिकायत को मानसिक क्रूरता करार दिया है। कोर्ट ने माना कि इस तरह के आरोप लगाकर पति और उसके परिजनों को जेल भिजवाने की कोशिश करना वैवाहिक रिश्ते को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है। मामले में पति ने धमतरी परिवार न्यायालय में क्रूरता के आधार पर तलाक की याचिका दायर की थी, जिसे परिवार न्यायालय ने खारिज कर दिया था। इसके बाद पति ने हाईकोर्ट में अपील की। जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के बाद पति की अपील स्वीकार करते हुए उसे तलाक का हकदार माना। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पत्नी द्वारा सास के खिलाफ निराधार और मानहानिकारक आरोप लगाना, पति और उसके परिवार के बरी होने के बावजूद उच्च अदालतों में अपील दायर करना और उन्हें सजा दिलाने के प्रयास करना मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मारपीट-लूट के मामले में 5 आरोपियों की एफआईआर की रद्द

**बिलासपुर,16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसले में पुलिस थाना सिरगिट्टी में दर्ज मारपीट और लूट से जुड़ी एफआईआर को निरस्त कर दिया है. न्यायालय ने स्पष्ट किया कि आरोपों में प्रथम दृष्टया अपराध के आवश्यक तत्व नहीं बनते और कार्रवाई जारी रखना न्याय प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा. यह आदेश मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने पारित किया. याचिकाकर्ता सुमन यादव, इंदु चंद्रा, नंद राठौर, मोहम्मद इस्लाम और राहुल जायसवाल के विरुद्ध 7 सितंबर 2024 को अपराध दर्ज किया गया था. शिकायतकर्ता के अनुसार 6 सितंबर की रात ग्रामीण बैंक, तिफरा के पास आरोपियों ने गाली-गलौज, मारपीट कर सोने की चेन छीन ली. इसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराओं 115(2), 296, 3(5) और 304(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया. याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि एफआईआर दर्ज करने में करीब 13 घंटे की देरी है, जो संदेह पैदा करती है. घटना के पहले याचिकाकर्ताओं ने 112 नंबर पर सूचना दी थी और अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से भी शिकायत की गई थी. सीसीटीवी फुटेज भी उनके पक्ष में होने का दावा किया गया. याचिकाकर्ताओं ने इसे प्रतिशोध में दर्ज काउंटर ब्लास्ट एफआईआर बताया. वहीं राज्य की ओर से कहा गया कि, एफआईआर में संज्ञेय अपराध बनता है, जांच पूर्ण हो चुकी है और चालान पेश किया जा चुका है. ऐसे में एफआईआर रद्द करने का कोई आधार नहीं है. हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि यदि एफआईआर के आरोपों को पूरी तरह स्वीकार भी कर लिया जाए, तब भी अपराध के आवश्यक तत्व सिद्ध नहीं होते. एफआईआर में देरी, याचिकाकर्ताओं की पूर्व शिकायतें और रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री अभियोजन की कहानी पर गंभीर संदेह उत्पन्न करती है. अदालत ने माना कि इस स्थिति में आपराधिक कार्रवाई जारी रखना न्याय का उद्देश्य पूरा नहीं करता, बल्कि प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा.

## असम में कांग्रेस को बड़ा झटका, चुनाव से पहले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रिपुन बोरा ने छोड़ दी पार्टी

**गुवाहाटी,16 फरवरी।** असम में अगले कुछ महीनों में ही चुनाव होने वाले हैं और उससे ठीक पहले कांग्रेस को करारा झटका लगा है। पार्टी के सीनियर लीडर और



पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रिपुन बोरा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सभी पदों के साथ ही प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। रिपुन बोरा ने 2021 में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से तब इस्तीफा दे दिया था, जब कांग्रेस की करारी हार हुई थी। वह राज्यसभा के भी सदस्य रह चुके थे। तरुण गोगोई सरकार के दो कार्यकालों में वह लगातार मंत्री रहे और पहली बार 2001 में विधायक चुने गए थे। रिपुन बोरा का कहना है कि उन्होंने आत्मसम्मान के लिए यह फैसला लिया है। उन्होंने लिखा, 'आत्मसम्मान का मामला है। मैंने अपनी चिंताओं को केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष भी रखा था। यदि पार्टी इसी तरह चली तो आखिर भविष्य क्या रहेगा।' माना जा रहा है कि सांसद रकीबुर हुसैन से उनका विवाद चल रहा था और इसी मामले को लेकर वह पार्टी से नाराज चल रहे थे।

वह असम कांग्रेस के करीब 5 सालों तक प्रदेश अध्यक्ष रहे थे। 2016 में उन्हें पार्टी की कमान मिली थी। इसी साल वह राज्यसभा के लिए भी चुने गए थे, जिसका कार्यकाल 2022 में समाप्त हुआ था। उन्होंने 2022 में कांग्रेस छोड़ दी थी और टीएमसी का हिस्सा बन गए थे। हालांकि 2024 में वह फिर से कांग्रेस में लौट आए।

**छत्तीसगढ़ प्रदेश के खेल बजट 2026-27 के लिए सुझाव**

## कोच और व्यायाम शिक्षकों की नियुक्ति की जाए अनिवार्य

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास किया है। इस छोटे से प्रदेश में खेलकूद की गतिविधि बढ़ी है। छत्तीसगढ़ में हाकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, तैराकी, एथलेटिक्स, फुटबाल, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, टेनिस, बैडमिंटन, कबड्डी, बास्केटबाल मलखंब आदि खेलों में खेल मैदान और प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध हुई है। शुरुआती दौर में खेलकूद हेतु आवश्यक धन राशि के लिए राज्य खेल विभाग, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, औद्योगिक घरानों आदि पर ही निर्भर रहना पड़ता था परंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शरू की गई खेलो इंडिया कार्यक्रम के साथ अन्य खेल योजनाओं का लाभ मिलने लगा है। जिसमें केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण नई दिल्ली की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। प्रदेश सरकार खेलों को लोकप्रिय बनाने भरपूर प्रयास कर रही है परंतु भारतीय खेल प्राधिकरण ने रायपुर में क्षेत्रीय खेल प्राधिकरण की स्थापना करके छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों/ कस्बों में खेलों के 37 मिनी खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र खोल दिये हैं। इसमें अधिकांशतः ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में सम्मिलित 28 कोर खेल हैं।

हमारे प्रदेश में गांवों की संख्या बीस हजार से अधिक हैं जिनमें 11693 ग्राम पंचायत हैं। कहने का तात्पर्य छत्तीसगढ़ गांवों में बसा है। इसी ग्रामीण अंचल में छत्तीसगढ़ की प्रतिभाशाली आत्मा बसती है। अन्य क्षेत्रों के अलावा गांवों में निवास करने वाले खेल प्रतिभाओं को हमने पिछल 25 वर्षों में नहीं पहचाना है। हमारे प्रदेश में न जाने कितने बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिला व पुरुष हैं जो कि प्रतिदिन 20 से 30 किमी पैदल चलते हैं। न जाने कितने हैं जो 40 से 60 किमी सायकल चलाते हैं। न जाने कितने तैराक हैं जो प्रतिदिन 3 से 4 किमी तैरते हैं। न जाने कितने ताकतवर इंसान हैं जो 30 से 50 किलो तक वजन अपने हाथों से उठा लेते हैं। कहने का अर्थ हमारे प्रदेश में खेल से जुड़ी प्रतिभाएं तो हैं परंतु वे सामने नहीं आ पाई है। अब बस्तर ओलंपिक, सरगुजा ओलंपिक खेलों के मनोरंजक ढंग से आयोजन से प्रतिभाओं की पहचान हो रही है।

इसके साथ ही शाला के विद्यार्थियों में खेल के गुण उभरकर आ रहे हैं। विदेशों में खेल सितारे किसी दूसरे ग्रह से नहीं आते हैं वे भी इसी जगत के रहने वाले हैं बस अंतर यह है कि कम उम्र में उनके बच्चों की खेल प्रतिभा को समझ/पढ़ लिया जाता है। छत्तीसगढ़ में भी खेल प्रशिक्षकों/खेल शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। आज हमारे राज्य में अनेक ऐसे युवा बेरोजगार हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2036 के ओलंपिक खेलों के भारत में आयोजन के प्रयास किए जा रहे हैं तो हमें भी उनके सपने को पूरा करने के लिए आगे आना होगा। प्रशिक्षित कोच और व्यायाम शिक्षकों की पूरे प्रदेश के ब्लाक स्तर के शालाओं में 2026-27 के वित्तीय वर्ष में नियुक्ति किए जाने का प्रावधान होना चाहिए। इसके अलावा उत्कृष्ट घोषित खिलाड़ियों को स्थायी नौकरी देने के लिए बजट में राशि आबंटित की जानी चाहिए। खेल के मैदान की उपलब्धता बहुत अनिवार्य है। उसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पांच एकड़, ब्लाक मुख्यालय में आठ एकड़, तहसील में 10 एकड़ तथा जिला स्तर में कम से कम 14 एकड़ भूमि को खेल मैदान के लिए आरक्षित किया जाना चाहिए। यही नहीं आरक्षित भूमि का सीमांकन करके उस क्षेत्र को विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण वीबीजीरामजी के मद से दीवार खड़ी कर देना चाहिए। खेलकूद के लिए 2026-27 में इस तरह के बजट आबंटन से छत्तीसगढ़ में खेल क्रांति आ जायेगी।

# ग्राम कामठी में विधायक के साथ श्रद्धालुओं ने किया 151 शिवलिंग का सामूहिकअभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 16 फरवरी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम कामठी में शिवभक्ति की अनूठी झलक देखने को मिली। उत्साह और उमंग के साथ 700 से अधिक विवाहित जोड़ों और श्रद्धालुओं पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा आयोजित 151 पार्थिव शिवलिंग में सामूहिक रूप से पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक कर हर हर महादेव का जयघोष किया। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने आयोजन में पधारे सभी श्रद्धालुओं और पंडरिया विधानसभा वासियों को आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त कर महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इस भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी तथा ग्राम नेऊर और दमगढ़ के उन आदिवासी परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे जिन्होंने विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से अपने मूल धर्म में घर वापसी की थी। इस दौरान 10,000 भक्तों के लिए भंडारा एवं महाप्रसादी का आयोजन भी किया गया जिसमें विधायक भावना बोहरा ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के भजन गायक अनुराग शर्मा द्वारा भजन की भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में भगवान भोलेनाथ जी के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह आयोजन हमारी धार्मिक संस्कृति और परंपरा का एक प्रतीक है। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से एक साथ भगवान भोलेनाथ जी का रुद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ एवं पंडरिया विधानसभा की सुख-समृद्धि और जन कल्याण की कामना की। पंडरिया विधानसभा सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक समरसता की समृद्ध परंपराओं के लिए जानी जाती है। यहाँ के जन-जीवन में सनातन मूल्यों की गहरी आस्था है। यह हम सभी का दायित्व है कि हम अपनी संस्कृति और आस्था की इस अमूल्य धरोहर को सहेजें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाएँ। यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता को भी सशक्त करेगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पवित्र और महत्वपूर्ण रहा, बल्कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास के लिए एक सकारात्मक संकल्प का प्रतीक भी बना। इस आयोजन ने समाज के सभी वर्गों युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण नागरिकों को एक मंच पर एकत्रित कर सामाजिक एकता और सामूहिक चेतना को मजबूत किया। । मैं पंडरिया विधानसभा की समस्त जनता और इस पुण्य आयोजन में सहभागी सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता और धन्यवाद व्यक्त करती हूँ और आश्वस्त करती हूँ कि आगे भी पंडरिया विधानसभा की प्रगति, जनता की सेवा हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन एवं सनातन संस्कृति के प्रसार व नव चेतना के लिए हम निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

## एक नजर

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 16 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई छावनी थाने पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कैंप क्षेत्र के सूने मकान से चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है गहने व नकद भी बरामद कर लिया गया है छावनी पुलिस ने बताया कि आरोपी परमजीत सिंह उर्फ गोल्डी अकेले ही सूने मकान में हाथ साफ करता था गुरचरण कौर ने छावनी थाना में जाकर चोरी के संबंध में शिकायत की थी पुलिस आरोपी तक पहुंचने में सफल हो गई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चंदी ब्रेसलेट 3 नग, मोवाइल 4 नग, चांदी की पायल 2 नग, चांदी का सिक्का नग, चांदी का कड़ा 1 नग, चांदी की बाली 1 नग, नकद 2,000 रुपए जब्त किया। गुरचरण कौर, निवासी गुपचुप मोहल्ला, कैंप-1 भिलाई ने छावनी थाना में शिकायत की थी रात में उसके घर में चोरी हो गई शिकायत पर छावनी थाने पुलिस ने धारा 331(4), 305 (ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। इस दौरान संदेही परमजीत सिंह उर्फ गोल्डी, निवासी 18 नंबर रोड, कैंप-1 भिलाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई उसने रात में घर में घुसकर चोरी करना स्वीकार किया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

### दुष्कर्म के आरोपियों ने किया सरेंडर



**भिलाई, 16 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था उसके बाद पुलिस ने दो दिनों की पुलिस रिमांड लेकर आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त वाहन एवं मोबाइल जब्त किया है पुलिस ने बताया कि महिला थाना के प्रकरण में फरार आरोपी भीमनारायण पांडे एवं संजय पंडित ने 13 फरवरी को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था न्यायालय की अनुमति पश्चात दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शेष विवेचना कार्रवाई के लिए 02 दिन की पुलिस रिमांड प्राप्त की। रिमांड अवधि में पूछताछ के दौरान आरोपी भीमनारायण पांडे के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कार जब्त की गई आरोपी संजय पंड़ित से पूछताछ पर घटना में प्रयुक्त 2 नग मोबाइल जब्त किए गए तथा उसके निशानदेही पर इंडिगो कार जब्त की गई आरोपियों के निशानदेही पर घटना स्थल रेस्ट हाउस दुर्ग, रेस्ट हाउस उतई एवं अन्य संबंधित स्थानों का पुनः निरीक्षण गवाहों की उपस्थिति में कराया गया तथा समस्त कार्रवाई की वीडियोग्राफी की गई। 2 दिवस की पुलिस रिमांड पूर्ण होने उपरांत दोनों आरोपियों को आज न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय जेल दाखिल कराया गया। प्रकरण में अब तक कुल 07 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। विवेचना जारी है।

### लोगों को डरा रहे 4 युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 16 फरवरी (तछसं.)।** धारदार हथियार लेकर आने जाने वालों को डराने धमकाने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आम्रपाली वनांचल सिटी के पीछे हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ के पास कार में 3-4 युवक सवार थे आने-जाने वाले लोगों को धारदार हथियार दिखाकर डरा रहे थे जामुल थाने पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर गिरफ्तार किया आरोपियों में 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड निवासी दीपक नायकर, केम्प-2, छावनी समशेर आलम, जोन-1, खुर्सीपार शेख सानू, कैम्प 2 पीयूष कुमार गुप्ता शामिल है।

### कर्मा सेना पटेवा मंडल के अध्यक्ष बने रुमेश साहू

**महासमुंद,16 फरवरी।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक अशवंत तुषार साहू के अध्यक्षता मे राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के तत्वधान मे आयोजित शुभम होटल पटेवा में मंडल का गठन हुआ जिसमे पटेवा मंडल अध्यक्ष रुमेश साहू बने , उपाध्यक्ष शुभम साहू, सचिव कुशल साहू, अन्य सदस्य की उपस्थित रहे । पुष्प माला पहनाकर रुमेश साहू को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किए ।

# हाउसिंग बोर्ड कालोनी में श्रद्धा ,भक्ति और उत्साह के साथ मनाया महाशिवरात्रि पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 16 फरवरी।** नारीशक्ति महिला मंडल , हाउसिंग बोर्ड कालोनी , जोराताल कवर्धा के महाशिवरात्रि के पावन पर्व में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की भव्य बारात पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सुबह से ही कॉलोनी में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विशेष पूजन-अर्चन की तैयारियां की गईं।

भगवान शिव की बारात जेल परिसर के पास स्थित जलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इसके पश्चात ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ बारात हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर की ओर रवाना हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर बारात का स्वागत किया। बारात में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। विशेष रूप से कॉलोनी की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और भक्ति गीतों के साथ पूरे उत्साह से आयोजन को सफल बनाया। बच्चों और युवाओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में शांति, भाईचारे, एकता और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। आयोजन के दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, अनुशासन और आपसी सहयोग की झलक देखने को मिली महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर कॉलोनीवासियों ने





एकजुट होकर भक्ति और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। हर्षोल्लास के साथ मनाया गया यह पर्व क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का संचार कर गया। आयोजकगण सदस्यों में प्रमुख रूप से नारीशक्ति श्रीमतीवर्षा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, सुवर्णा केशरी, वर्षा ठाकुर पायल राजपूत , पूर्णिमा ठाकुर , श्रीमती मागरे, रत्ना तिवारी, अंजना नौजिया, मंत्वकौशिक, नेहा वर्मा, कविता शुक्ला, अंजना कन्नौज, प्रमिला साहू, पदमा, दुर्गा ठाकुर, वर्षा वर्मा,

### रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर ने युवाओं से नशा से दूर रहने की विनम्र अपील की

**कवर्धा,16 फरवरी।** रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर संगीता जैन ने गुटखा खाने से होने वाले दुष्प्रभाव पर चर्चा करते हुए



कहा की मुख , गला में केंसर होने का खतरा रहता है और शराब पीने से लीवर खराब , हृदय , अग्नाशय , मस्तिष्क को खराब करने का खतरा बना रहता है । रूप जीवन हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर संगीता जैन ने सभी युवाओं से नशा जैसी कुरीतियों से दूर रहने की विनम्र अपील करते हुए कहा की अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमेशा नशा से दूर रहे ।

# लाखों की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 फरवरी।**पुरानी भिलाई पुलिस ने धोखाधड़ी के प्रकरण में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने प्रार्थिया के नाम पर विभिन्न बैंकों से लाखों रुपये का ऋण लेकर धोखाधड़ी की। आरोपी ने एटीएम एवं चेक के माध्यम से खातों से रकम आहरित कर कूटरचना की पुरनी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि प्रार्थिया बेगम (57 साल ) निवासी चरोदा, थाना पुरानी भिलाई में रिपोर्ट दर्ज करायी कि वर्ष 2006 में मकान निर्माण के संबंध में पूर्व परिचित एल. महेश्वर राय को जानकारी दी गई थी। आरोप है कि एल. महेश्वर राय ने प्रार्थिया के नाम एवं संपत्ति का दुरुपयोग करते हुए लगभग 20,00,000 रुपए का ऋण प्राप्त किया। जिसकी मासिक किश्त 20,220 रुपए रुपये प्रार्थिया के वेतन से कटती रही। वर्ष 2021 में भारतीय स्टेट



बैंक पदुमनगर चरोदा से 5,80,000 रुपये तथा फरवरी 2025 में रेलवे अर्बन बैंक से 5,80,000 रुपये का ऋण भी प्रार्थिया के नाम पर लिया गया, जिसकी किश्तें क्रमशः 5,400 रुपये एवं 22,450 रुपये प्रति माह कटती रही। एल. महेश्वर राय के दुर्घटना के पश्चात आरोपी के. साईवारा द्वारा प्रार्थिया के बैंक दस्तावेज, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र एवं मोबाइल सिम अपने पास रखकर वर्ष 2021 से 2025 के मध्य एटीएम एवं चेक के माध्यम से लगभग 5 लाख रुपये की कूटरचना कर राशि आहरित की गई तथा उसमें से 80,000 रुपये अपनी माता के खाते एवं अन्य राशि परिचित के खाते में स्थानांतरित की गई प्रकरण में धारा 316(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपी के. साईवारा (37 साल ) निवासी पंचशील नगर को गिरफ्तार किया गया।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन स्पर्धा आयोजित

**भिलाई, 16 फ़रवरी।** सेलद बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 26 से 28 फ़रवरी तक आयोजित होने वाली एसण्पीएसण्बीण् अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में भाग लेने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम के चयन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह चयन स्पर्धा 17 एवं 18 फ़रवरी को संध्या 6 बजे से भिलाई क्लबए सिविक सेंटर में आयोजित की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर अमलीडीह में आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में डुमरडीह विजेता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,16 फरवरी** । पाटन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम अमलीडीह में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में युवा सरपंच रवि सिंगौर शामिल हुए।मुख्य अतिथि सरपंच रवि सिंगौर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं। उनके द्वारा डुमरडीह एवं भाठागांव टीम के बीच टॉस करवाया गया। मुकाबला रोमांचक रहा, जिसमें डुमरडीह टीम ने 6 ओवर में 80 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भाठागांव की टीम निर्धारित स्कोर तक नहीं पहुंच सकी और इस प्रकार डुमरडीह टीम विजेता घोषित हुई।इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि गोकुल साहू, सरपंच प्रतिनिधि गजेंद्र मानिकपुरी, कामदेव कौसले (पूर्व सरपंच), खेमचंद जोशी (पंच), रग्गू ढीवर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ।

# महाशिवरात्रि पर विधायक रिकेश ने दी1 रुपये में डायलिसिस और सोनोग्राफी सुविधा की सौगात



**भिलाई, 16 फरवरी।** जनसेवा और जनहित को प्राथमिकता देते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने महाशिवरात्रि के अवसर पर क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं की एक बड़ी सौगात दी है। शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में अब मात्र 1 रुपये में डायलिसिस एवं 1 रुपये में सोनोग्राफी की सुविधा शुरू कर दी गई है। विधायक रिकेश सेन ने रविवार को इस नई सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर इलाज के भारी आर्थिक बोझ को कम करना है। विधायक कार्यालय अब एक जन-सुविधा केंद्र के साथ-साथ हेल्थ हब के रूप में भी उभर रहा है। नई सेवाओं के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक 1 रुपये में डायलिसिस और 1 रुपये में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह सेवाएं शासकीय अवकाश को छोड़कर नियमित रूप से संचालित होंगी। उल्लेखनीय है कि विधायक कार्यालय में पहले से ही कई जनकल्याणकारी सुविधाएं संचालित हैं, जिनमें मरीजों के लिए 31 प्रकार की जांच पूर्णतः निःशुल्क, 1 रुपये में एक्स-रे, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 1 रुपये में हेलमेट, जरूरतमंदों के लिए राम रसोई के माध्यम से भोजन व्यवस्था, गरीब एवं असहाय लोगों के लिए कंबल बैंक जैसी सेवाएं शामिल हैं। अब इसके साथ ही डायलिसिस और गर्भवती महिलाओं के लिए 1 रुपये में सोनोग्राफी सेवा भी प्रारंभ हो गई है।

# नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रेहान खान ने जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई, 16 फरवरी।** मोदीनगर में आयोजित प्रतिष्ठित ओपन नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में राजनांदगांव के होनहार खिलाड़ी रेहान खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूथ वर्ग के 94 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। रेहान ने स्नेच में 125 किलोग्राम तथा क्लीन एंड जर्क में 161 किलोग्राम वजन उठाकर कुल 286 किलोग्राम के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि से उन्होंने न केवल अपने जिले राजनांदगांव बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। विशेष बात यह रही कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को मिला एकमात्र स्वर्ण पदक रेहान खान के खाते में आया, जिससे प्रदेश का खेल गौरव और भी मजबूत हुआ है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद रेहान खान ने सांसद विजय बघेल से उनके निवास सेक्टर-5, भिलाई में सौजन्य भेंट कर गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने रेहान को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### धान संग्रहण केंद्र सेलूद में अव्यवस्था हमालों के सामने रोजी-रोटी का संकट

**सेलूद,16 फरवरी।** धान संग्रहण केंद्र सेलूद में गंभीर अव्यवस्था के चलते सैकड़ों मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। यहां पिछले करीब 20 वर्षों से गाड़ियों से धान खाली करने का कार्य कर रहे हमालों ने बताया कि केंद्र में स्टैक लगाने के लिए भूसा उपलब्ध नहीं होने के कारण धान का भंडारण नहीं हो पा रहा है, जिससे गाड़ियां समय पर खाली नहीं हो रही हैं। हमालों के अनुसार केंद्र में लगभग 200 मजदूर कार्यरत हैं और प्रतिदिन लगभग 100 गाड़ियों से धान उतारने की क्षमता है, लेकिन वर्तमान स्थिति में केवल 30 से 35 गाड़ियां ही खाली हो पा रही हैं। हमाल संत राम साहू ने बताया कि इस समस्या की सूचना कई बार डीएमओ कार्यालय को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। मजदूरों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि धान संग्रहण केंद्र में शीघ्र भूसा की व्यवस्था कराई जाए, ताकि स्टैक बन सके और गाड़ियों की नियमित अनलोडिंग शुरू हो। इससे न केवल धान संग्रहण की प्रक्रिया सुचारु होगी, बल्कि सैकड़ों परिवारों को रोजगार भी मिल सकेगा।



### राजहरा में छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच जंवारा का आयोजन

**भिलाई, 16 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा राजहरा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच जंवारा का आयोजन किया गया। अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आर. बी. गहरवार रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक प्रभारी जयप्रकाश, महाप्रबंधक बिपिन कुमार, महाप्रबंधक अरुण कुमार, महाप्रबंधक एन. के. साहू तथा सीआईएसएफ के उप कमांडेंट वांगखेम उपस्थित थे। प्रारंभ में उप प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन में सीएसआर विभाग की भूमिका तथा खदान प्रमुख आर. बी. गहरवार के मार्गदर्शन एवं सहयोग की सराहना की।



### कुलदीप सिंह साहू स्मृति सम्मान डॉ.देशमुख,हेमलाल को मिला

**भिलाई, 16 फरवरी।** साहू मित्र सभा सभागार में स्वण् कुलदीप सिंह साहू स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ. वेदवती मंडावी रहीं। विशेष अतिथि के रूप में आत्मा राम साहूए खेदराम साहूए वरिष्ठ साहित्यकार बद्री प्रसाद पारकर तथा डॉ. दीनदयाल साहू उपस्थित रहे। स्व. कुलदीप सिंह साहू स्मृति सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार एवं संपादक डॉ डीपी देशमुख तथा अंचल के प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं साहित्यकार हेमलाल साहू निर्मोही को प्रदान किया गया।

# महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर की विशेष पूजा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल,16 फरवरी।** जामुल वार्ड क्रमांक 4 पुरैना तालाब स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व पूरे श्रद्धा, भक्ति और विधि-विधान के साथ मनाया गया। सुबह 5 बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए समिति के पदाधिकारियों एवं भक्तजनों द्वारा पिछले एक सप्ताह से विशेष तैयारियां की जा रही थीं। मुख्य पुजारी पं. कमोद पांडे द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा प्रारंभ की गई। इसके पश्चात भगवान शिव का जल, दूध, दही, शहद, मिश्री, गुड़ और घी से अभिषेक किया गया। अभिषेक के उपरांत हवन तथा महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर के संरक्षक एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अभिषेक में भाग लेकर जामुल नगर की खुशहाली, शांति और समृद्धि के लिए भगवान शिव से आशीर्वाद मांगा। पूजा में मुख्य जजमान तोपलाल वर्मा परिवार रहा। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष जगदीश देवांगन, चंद्रिका प्रसाद कौशिक, मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। साथ ही मातृशक्ति की ओर से पूर्व पालिका उपाध्यक्ष कामीन साहू, मीनाबाई कौशिक, रामबाई साहू, रामेश्वरी साहू सहित सैकड़ों महिलाएं भी पूजा में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## एक नजर

### सफाईकर्मियों की महापौर ने ली बैठक

**राजनांदगांव 16 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर निगम के सफाई कर्मचारियो द्वारा वेतन की मांग को लेकर दो दिन से हड़ताल किया गया था, जिसपर आज महापौर श्री मधुसूदन यादव ने सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियो तथा सफाई कर्मियो की नगर निगम समागृह में बैठक बुलाई। बैठक में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, कनिष्ठ सभापति श्री संदीप बघेल तथा पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा के अलावा सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री गोलू नायक की उपस्थिति में सफाई कर्मियो से चर्चा हुई। बैठक में महापौर श्री यादव ने उनकी मांगो पर चर्चा की। सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सहित सफाई कर्मियों ने दो माह का वेतन देने की मांग संबंधी विषय पर चर्चा हुई। महापौर श्री यादव ने कहा कि निगम में फण्ड की कमी के कारण वेतन देने में विलंब हो रहा है, विगत एक माह एसआईआर में निगम अमला सहित राजस्व के कर्मचारियो की ड्यूटी लगने के कारण वसूली भी प्रभावित हुई। इसके अलावा शासन से आने वाली राशि भी शासन स्तर पर समायोजित हो गया, जिसके कारण निगम में आर्थिक कठिनाई आई। वर्तमान में राजस्व वसूली में जोर दिया जा रहा है, बडे बकायादारो पर शिकंजा भी कस रहे है। साथ ही शासन से वेतन के लिये राशि की मांग की गयी है। उन्होंने कहा कि दिसम्बर एवं जनवरी माह का वेतन नियमित एवं मस्टररोल कर्मचारियो को दिया जायेगा तथा फरवरी माह का वेतन मार्च में दिनांक 10 से 15 के बीच किया जावेगा। साथ ही इसी बीच ठेका श्रमिको को भी स्थिति आधार पर भुगतान किया जावेगा।

### निजी चिकित्सालय की कार्यशाला सह बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रमों की शत प्रतिशत रिपोर्टिंग के दिए निर्देश

**राजनांदगांव 16 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कार्यक्रमों की शत प्रतिशत आनलाइन रिपोर्टिंग करने के लिए निजी चिकित्सालयों की कार्यशाला सह बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि उन्मुखीकरण कार्यशाला सभी चिकित्सालायों को मरीजों के बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने समय-सीमा में रिपोर्ट ऑनलाइन करने एवं ऑफ्लाइन रिपोर्ट कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी द्वारा युवीन कार्यक्रम अंतर्गत की जा रही रियल टाइम रिपोर्टिंग की समीक्षा की गई, साथ ही आरसीएच 2.0 पोर्टल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। जिला प्रबंधक डाटा श्री अखिलेश चोपड़ा द्वारा आरसीएच 2.0 के तकनीकी पहलुओं पर बारीकी से विस्तृत रूप से जानकारी दी गई तथा आर सी एच 2.0 का निजी चिकित्सालय में समुचित रूप से क्रियान्वयन के लिए आभा आई डी जानकारी निजी चिकित्सालयों के आए प्रतिनिधियों को दी गई।

### सीईओ जिला पंचायत ने विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**राजनांदगांव 16 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त महत्वपूर्ण योजनाओं एवं विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अभियान चलाकर समय-सीमा में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास एवं मनरेगा विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर शत प्रतिशत उपलब्धि लाने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों में प्रगति लाने के लिए नोडल अधिकारियों को प्रति सप्ताह ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क करने कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत एफएसटीटी, डीडब्ल्यूएम, ग्रेवाटर प्रबंधन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्मित एसेट का शत प्रतिशत जीओ टैग करने कहा। उन्होंने प्रत्येक शनिवार को ग्रामों में स्वच्छता त्यौहार मनाए जाने के लिए निर्देशित किया।

# पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 16 फरवरी।** पी.एम. श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ के विद्यार्थियों के लिए दिनांक 12 फरवरी एवं 14 फरवरी 2026 को शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रायपुर साइंस सेंटर एवं इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय, खैरागढ़ का शैक्षणिक अवलोकन किया। इस भ्रमण में कुल 700 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

रायपुर साइंस सेंटर में विद्यार्थियों ने विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित कार्यशील मॉडल, रोबोटिक्स, ऊर्जा संरक्षण, अंतरिक्ष विज्ञान, मानव शरीर रचना, प्रकाश एवं ध्वनि से संबंधित प्रदर्शनों का अवलोकन किया। 3D शो एवं तारामंडल (प्लैनेटेरियम) के माध्यम से विद्यार्थियों को ब्रह्मांड, ग्रह-नक्षत्रों एवं अंतरिक्ष अनुसंधान की रोचक जानकारी प्राप्त हुई। इंटरैक्टिव गैलरी में विद्यार्थियों ने स्वयं प्रयोग कर वैज्ञानिक अवधारणाओं को व्यवहारिक रूप से समझा।

इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में विद्यार्थियों ने देश के प्रतिष्ठित संगीत एवं ललित कला संस्थान का भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने शास्त्रीय संगीत, वाद्य यंत्र, नृत्य, चित्रकला एवं मूर्तिकला विभागों का अवलोकन किया। विश्वविद्यालय परिसर की ऐतिहासिक इमारत, अभ्यास कक्ष (रियाज कक्ष) तथा कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। विशेषज्ञों द्वारा कला शिक्षा के महत्व एवं करियर संभावनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।

यह शैक्षणिक भ्रमण जिला कार्यालय के मुखिया कलेक्टर महोदय श्री. जितेंद्र यादव जी, जिला शिक्षा अधिकारी महोदय श्री. प्रवास सिंह बघेल जी एवं डी एम सी प्रमुख श्री. सतीश ब्यौहारें जी के निर्देशानुसार क्रियान्वयन कर संपन्न किया गया ।जिसके फलस्वरूप विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सृजनात्मकता एवं सांस्कृतिक समझ के विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध हुआ। विद्यालय के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति , प्राचार्य श्री. जागेश्वर सिंह चंदेल एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### तिल्दा नेवरा दर्जनों सटोरिए सक्रिय

# पुलिस ने आनलाइन क्रिकेट सट्टा खेलाते युवक को किया गिरफ्तार






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**तिल्दा नेवरा 16 फरवरी।** पुलिस ने आनलाइन क्रिकेट में सट्टा करवाते हुए एक अपराधी को पकड़ कर कार्यवाही की है और आरोपी के पास लाखों रुपए सहित अन्य सामान भी जप्त किया है पकड़े गए आरोपी जितेन्दर बिरला उर्फबबलू उर्फबिल्ला पिता हुकम सिंह उम्र 43 साल स्थायी पता - माजरा थाना अरबन जिला रोहतक हरियाणा। हाल पता ङ्क हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एलआईजी म0नं0 45-बी, कोहका तिल्दा बताया गया । रायपुर जिला ग्रामीण के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ओर पुलिस थाना तिल्दा के नेतृत्व में थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की टीम द्वारा उक्त मकान में एक साथ छापा मारकर कार्यवाही किया गया। छापे के दौरान मकान में एक व्यक्ति उपस्थित मिला, जिसने पूछताछ में अपना नाम जितेंद्र बिरला उर्फबबलू उर्फबिल्ला बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा ऑनलाईन बैटिंग साईट्स ||| GRAND EXCHANGE °ß´ JMD BET आई.डी. के माध्यम से ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा खेलना/खिलाना पाया गया, साथ ही उसके पास लाखों रूपये नगदी रकम भी बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नगदी रकम 1,80,000 रुपये, 03 नग मोबाईल फोन कीमती 75,000/रू, 20 नग बैंक पासबुक, 10 नग चेकबुक, 14 नग एटीएम कार्ड, 02 नग आधार कार्ड, 01 नग पैन कार्ड, 01 नग ड्रायविंग लाईसेंस, सट्टा से संबंधित हिसाब किताब का कापी 06 नग, 01 नग डाट पेन तथा 01 नग कैलकुलेटर कुल जुमला कीमती 2,55,000/-रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध क्रमांक 65/26 धारा छ0ग0 जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7, 8 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 112(2) का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी से जप्त बैंक खाताओं की जांच की जा रहीं है साथ ही आरोपी से प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर उनके विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

इस कारवाही के बाद तिल्दा नेवरा के क्रिकेट सटोरिए ओर कुछ ऐप के माध्यम से सट्टा करवाने वाले भूमि गत हो गए है वैसे भी तिल्दा नेवरा छत्तीसगढ़ में सट्टा के नाम से विख्यात हर है तिल्दा से दर्जन भर लोग। दुबई सहित अन्य देशों में जाकर क्रिकेट संचालित कर रहे है और अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ के तिल्दा नेवरा को सेफ जगह बताई जा रही है अब तो राजधानी से सट्टा के व्यापार करने लोग तिल्दा नेवरा में जगह तलाश रहे है

सट्टा कारोबार में ऑनलाइन सट्टा के नेट वर्ग से जुड़े लोग सिंधी कैंप की एक लॉज को सुरक्षित मान रहे है बताया जाता है अक्सर इस लाज लोग आकर कारोबार को पहले करते है और उसके बाद कुछ पहचान ओर किराया के मकान के दलालों से मिलकर तिल्दा नेवरा के सुनसान जगह मकान किराए में लेते है हाउसिंग बोर्ड कालोनी में नेवरा पुलिस की सक्रियता से आरोपी को पकड़ने में जितनी प्रसन्नता व्यक्त की जाय कम है पुलिस बधाई के पात्र है पुलिस की कार्यवाही से सट्टे किंग लोगो की रातों की नीद उड़ गई है।

### प्रशासन की कार्यशैली पर उठे सवाल

# 150 गोवंश पैदल ले जाते हुए एक गिरफ्तार,शेष भाग निकले



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिला अंतर्गत हथबंद थाना क्षेत्र के ग्राम कुकराचुंदा में हाल ही में लगभग 150 गोवंश संदिग्ध हालात में पाए जाने से पूरे क्षेत्र में हलचल मच गई। ग्रामीणों की सतर्कता से मामले का खुलासा हुआ और पुलिस को सूचना दी गई।बताया जाता है कि गोवंश को पैदल मार्ग से ले जाया जा रहा था। मौके पर मौजूद लोगों के पास परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज नहीं होने की बात सामने आई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया, जबकि अन्य लोग अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। उनका आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से इस तरह की गतिविधियां संचालित हो रही हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में यह सिलसिला थम नहीं पा रहा है। घटना के बाद गांव में सुरक्षा और निगरानी को लेकर चर्चा तेज हो गई है।इधर, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। संगठनों का कहना है कि यदि सीमावर्ती और संवेदनशील मार्गों पर नियमित गश्त बढ़ाई जाए तो ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में पशु सुरक्षा, कानून व्यवस्था और प्रशासनिक सतर्कता जैसे मुद्दों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

# गांजा की तस्करी एवं बिक्री मामले में आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 16 फरवरी।** मुखबिर सूचना पर दिनांक 07.01.2026 को साइबर सेल एवं चौकी बया की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम बार में घेराबंदी कर अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी एवं बिक्री करने की फिराक में लगे हुए आरोपी सूरज सेन उर्फपरसूराम एवं फलेश साहू को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से ?3,96,900 कीमत मूल्य का कुल 7.938 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा घटना में प्रयुक्त जुपिटर स्कूटी बिना नंबर एवं एक मोबाइल जप्त किया गया। कि प्रकरण में चौकी बया थाना राजादेवरी में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 06/2026 धारा 20(बी) NDPS एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा मामले की संपूर्ण जांच करते हुए जिले में अवैध मादक पदार्थ गांजा की सप्लाई करने एवं उसे बेचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया, उक्त निर्देशों के परिपालन में चौकी बया पुलिस द्वारा मामले में END TO END विवेचना करते हुए पूर्व में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को उड़ीसा राज्य से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने वाले आरोपी कुलमणी साहू उर्फघसिया को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को उड़ीसा से गांजा बिक्री करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 14.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया है। प्रकरण विवेचना में है।

# अवैध रूप से शराब बेचने वाले 2 कोचिए गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 16 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 15.02.2026 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम डमरू-मेढ़ रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से ?4400 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला/अंग्रेजी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक स्कूटी क्रमांक छ्त22 छ्3318 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।



# आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज परिक्षेत्र झिरिया के वार्षिक अधिवेशन में दो जोड़ों का विवाह




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 16 फरवरी।** ग्रामीण परिक्षेत्र प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चितावर धाम में कई वर्षो कि भांति इस वर्ष भी आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ । वार्षिक अधिवेशन का प्रारंभ कलश यात्रा एवं भगवान बुढ़ा देव पूजा आरती के साथ शुरू हुआ वार्षिक अधिवेशन में आदर्श विवाह का भी कार्यक्रम रखा गया था जिसमें दो जोड़ों कि शादी आदिवासी परंपरा के अनुसार सम्पन्न हुआ । बिगत प्राचीन पुरखा से धमधा राजा के रहते परंपरा चली आ रही है साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुआ, कर्मा , लोकगीत ने लोगों का मन मोह लिया । कार्यक्रम शांतिमय वातावरण में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में प्रदेश सहसचिव कृष्णा कुंजाम , झिरिया (कामता) परिक्षेत्र के अध्यक्ष शंकर लाल मरई,सचिव खेमराज सोरी,सहसचिव चंदुलाल ध्रुव,सहसचिव प्रेम ध्रुव,कोषाध्यक्ष पवन कुमार ध्रुव,दीवान छेदुराम ध्रुव,मंत्री बिसम्भंर ध्रुव, स्रह्य नेताम, डोमार ध्रुव, मनीराम ध्रुव, सेवक ध्रुव, चंदूलाल ध्रुव, रामकुम ध्रुव, मानसिंग नेताम,एवं पत्रकार गण पुलिस के जवान एवं ग्रामीण के लोगों भारी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### नवनिर्मित श्री बैद्यनाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर

# बाबा से कुरूद क्षेत्र के लिए सुख-समृद्धि की कामना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद 16 फरवरी।** कुरूद नगर में नवनिर्मित श्री बैद्यनाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर। श्री चंद्राकर मंदिर पहुंचकर स्थापित शिवलिंग की पूजा अर्चना करते हुए महादेव श्री बैद्यनाथ बाबा से कुरूद क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की

बाबा बैजनाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष एवं मुख्य जजमान भानु चंद्राकर, पार्षद मनीष साहू, खिलेंद्र चंद्राकर, सुरेंद्र सिन्हा, भारत साहु , रोशन चंद्राकर, रामाकांत चंद्राकर, प्रसन्न नायडू, राजेश पवार, सुनील चंद्राकर, सु रेखा चंद्राकर, भोआदि मौजूद जराज चंद्राकर, अनुराधा साहु आदि शामिल हुए।

कुरूद. देवो के देव महादेव के पावन उत्सव महाशिवरात्रि का पर्व आज कुरूद नगर में बहुत धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही कुरूद के सभी शिव मंदिरों में भोले बाबा के भजनों की मधुर ध्वनि के साथ वातावरण में पर्व की महक उमड़ गई। आमजन मानस दर्शन के लिए उमड़े और सभी स्थानों पर विशेष पूजा अर्चना और प्रसादी का क्रम जारी रहा। महादेव जी के प्रति अटूट श्रद्धा और भक्ति के साथ लोगों ने अपनी आस्था प्रकट की। अटल आवास स्थित शिव जी के मंदिर में प्रजापति परिवार द्वारा भव्य पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। मंदिर के प्रभारी संतोष प्रजापति के परिवार द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर आदि देव महादेव जी के सम्मुख परिवार औनगर के अटल आवास स्थित उमानाथ महादेव मंदिर में प्रजापति परिवार के द्वारा प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी पंडित राकेश मिश्रा जी के द्वारा उमानाथ महादेव में विशेष पूजन अभिषेक कर प्रसादी वितरण एवं भंडारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पार्षद मनीष साहू,अनिल ढीमर ,रोशन नाग ,भानु साहू सहित अटल आवास वार्ड के आमजन उपस्थित रहे। अन्य स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा भव्य पूजा आराधना कर शिव जी के प्रति श्रद्धा प्रकट की गई।

महाशिवरात्रि का दिन हिंदू धर्म के प्रमुख धार्मिक दिनों में से एक है। इस दिन भगवान शिव के भक्त व्रत रखते हैं और विधि-विधान से शिव जी की पूजा करते हैं। शिव पूजन के साथ ही महाशिवरात्रि के दिन को आध्यात्मिक जागृति का दिन भी कहा जाता है। इस दिन योग-ध्यान करने से मानसिक सुख की प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन महा के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को शिव-शक्ति एक हुए थे यानि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए महाशिवरात्रि के पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं कुछ मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन पर ही भगवान शिव ने समुद्र मंथन से निकले विष का पान किया था और संसार की रक्षा की थी इसलिए भी महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। कुछ धार्मिक ग्रंथों में इस दिन पर शिवलिंग की उत्पत्ति की बात भी बताई गई है।

# छतोद गांव में मंत्री ने किया शिव दर्शन



**तिल्दा नेवरा 16 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समीपस्थ ग्राम छतौद में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान कुंदेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने लिया इस अवसर पर ग्रामीणों ने मंत्री जी का स्वागत किया और गांव में मड़ाई मेला का आनंद लिया साथ ही इस अवसर पर आयोजित एक दिवसीय मेला में ग्रामवासियों के साथ सम्मिलित हुआ।

## बांग्लादेश की जनता ने कट्टरपंथियों को नकार दिया


बांग्लादेश के छात्र आंदोलन के 18 माह बाद हुए चुनाव में प्रिंस के नाम से जाने जाने वाले रहमना तारिक की पार्टी बीएनपी( बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी को 299 सीटों में से 212 सीटों पर जीत मिली है। वहीं जमाते इस्लामी ने मात्र 77 सीटें जीत पाई है और सत्ता परिवर्तन के लिए आंदोलन करने वाले जेनजी पार्टी एनसीपी 30 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और मात्र 6 सीटों पर जीत पाई।यहां यह बात गौरतलब है कि बांग्लादेश में 13 करोड़ वोटरों में से 5.6 करोड़ वोटर 18 साल से 37 साल उमर के थे लेकिन वोटरों ने कट्टरपंथी पार्टी जमाते इस्लामी के साथ चुनाव में जेन जी को भी नकार दिया। बांग्लादेश की जनता ने सत्ता परिवर्तन करते वक्त जो उम्मीद की थी, वह उम्मीद पिछले 18 महीनों में जमाते इस्लामी व जेनजी ने पूरी नहीं की। पूरा बांग्लादेश इस दौरान अराजकता से परेशान रहा। शांति का नामोनिशान नहीं था रोज कहीं न कही किसी की हत्या,रोज कहीं न कहीं हिंसा की घटनाएं होती रही। पाकिस्तान से हाथ मिलाने के कारण भारत से जो सहयोग मिलना था वह हिंदुओं की हत्या के कारण मिल नहीं सका। इससे बांग्लादेश की सामाजिक व आर्थिक हालात 18 महीनों मे खराब होती गई और मोहम्मद यूनुस से लोगों ने जो अपेक्षाएं की थी वह पूरी नहीं हुई। वह तो चुनाव कराना नहीं चाहते थे, और खुद की सत्ता प्रमुख बने रहना चाहते थे। लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद वादा किया गया था कि चुनाव कराया जाएगा और दो सदनों वाली व्यवस्था होगी।पीएम का कार्यकाल 10 साल को होगा,छात्र आंदोलन का जुलाई चार्टर लागू होगा। इसलिए मोहम्मद यूनुस को चुनाव कराना पड़ा। चुनाव में टक्कर बीएनपी और जमाते इस्लामी के बीच मानी गई थी। जमाते इस्लामी के साथ जेन जी यानी छात्र नेता मिलकर चुनाव लड़े इसलिए माना जा रहा था कि चुनाव में कट्टरपंथी जीतेंगे लेकिन चुनाव का परिणाण एकदम से जमाते इस्लामी व छात्र नेताओं के लिए तो अप्रत्याशित रहा क्योंकि जनता ने जो चुनाव फैसला दिया है वह तो बांग्लादेश को सभी का देश मानते हुए दिया गया है। यानी यहां सभी रहेंगे और पहले जैसे शांति से रहते थे वैसे ही रहेंगे। जमाते इस्लामी अगर सत्ता में आता तो बांग्लदेश में 18 महीने मे जैसी अराजकता रही वैसी ही अराजकता अगले कई बरस तक रहती क्योंकि कट्टरपंथी चाहते हैं कि यहां इस्लामी शासन हो जैसा पाकिस्तान में है. यहां दूसरे लोगों के लिए कोई जगह नहीं होगी, उनको बांग्लादेश छोड़कर जाना पड़ेगा। जमाते इस्लामी के साथ छात्र नेता भी खड़े हो गए।इसका नुकसान छात्र नेताओंको हुआ है तथा अब बांग्लादेश के लोग छात्र नेताओं पर अगले कई बरस तक यकीन करनेवाले नही है। उन्होने अपने आंदोलन से उम्मीद जगाई थी कि उनका शासन पिछली सरकारों से अच्छा होगा लेकिन वह ऐसा कुछ कर नही पाए और सत्ता के लालच में कट्टरपंथियों के साथ खड़े हो गए. इसे बांग्लादेश की जनता ने पसंद नहीं किया। उनको लगा कि जिनकों वह बरसों आजमा चुके हैं यानी बीएनपी और शेख हसीना की पार्टी को ही मौका दिया जाना चाहिए. चूंकि शेख हसीना की पार्टी ने चुनाव नहीं लड़ा. उस पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, इससे वहां जनता के सामने एक मात्र उम्मीद बीएनपी ही थी, शेख हसीना के चुनाव मैदान में नहीं होने के कारण हिंदुओं का वोट भी इस बार बीएनपी को मिला यही वजह है कि आज तक जितनी सीटें वह कभी नहीं जीती थी, उतनी सीटें जीती हैं। इस बार जनता ने बीएनपी को मजबूत सरकार दी है, इस उम्मीद में दी है कि वह सभी को साथ लेकर चलेंगे। देश में शांति व्यवस्था रहेगी किसी वर्ग के साथ कोई भेदभाव नहीं होगी किसी वर्ग के साथ कोई अन्याय,अत्याचार नहीं होगा। बीएनपी को बड़ा बहुमत मिला है इसलिए रहमान तारिक बीस साल पहले पुरुष नेता है जो पीएम बनेंगे और वह देश हित में फैसले ले सकेंगे। अभी तक कट्टरपंथियों के दबाव में बांग्लादेश से फैसले लिए जा रहे थे, इससे बांग्लादेश हर तरह से कमजोर हो रहा था, पाकिस्तान के साथ झुकाव के कारण भारत से मिलने वाली सहायता भी नहीं मिल रही थी, रहमान के पीएम बनने से आने वाले दिनों में बांग्लादेश व भारत के संबंध बेहतर होने की उम्मीद की जा सकती है। इसकी वजह यह है कि बहुत से मामलों में चीन,अमरीका व पाकिस्तान बांग्लादेश की मदद कर ही नही सकते। यह रहमान को तय करना है कि वह भारत के साथ संबंध बेहतर करना चाहते हैं या पाकिस्तान के साथ खड़े होकर और खराब करना चाहते हैं।

### चर्चित मुद्दा

# 'विशिष्ट' को 'अपशिष्ट' प्रमाणित करती एपस्टीन फ़ाइल्स

**तनवीर जाफ़री**

इनदिनों जेफरी एपस्टीन फ़ाइल्स के रहस्योद्घाटनों ने पूरी दुनिया में हलचल मचाकर रख दी है। पिछले दिनों अमेरिकी



न्याय विभाग द्वारा 30 लाख से भी अधिक पृष्ठों की नई फ़ाइल्स आने के बाद दुनिया के कई हाई-प्रोफ़ाइल लोगों के नाम उजागर हुये। अमेरिका का रहने वाला जेफ़री एपस्टीन व उसके माता-पिता यहूदी परिवार से थे। 20 जनवरी 1953 को ब्रुकलिन न्यूयॉर्क, में जन्मे एपस्टीन की मृत्यु 2019 में बड़े ही रहस्यमयी ढंग से जेल में हुई थी। हालांकि उसकी मौत को अधिकारिक रूप से आत्महत्या घोषित किया गया था। परन्तु चूँकि उसकी मौत के दिन जेल के कैमरे ख़राब पाये गये और गाड्र्स भी उस समय सोए हुये थे। इसलिए एपस्टीन की हत्या का भी संदेह व्यक्त किया जाता है। हत्या की थ्योरी इसलिये भी रची जा रही है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि एपस्टीन के पास दुनिया की स्वयंभू " विशिष्ट हस्तियों " की दरिन्दिगी व काले कारनामों के ऐसे सुबूत थे जो उनके चेहरों को बेनक़ाब कर सकते थे। जेफ़री एपस्टीन के पास फ़्लोरिडा , न्यू मैक्सिको, पेरिस और कैरिबियन के यू.एस. वर्जिन आइलैंड्स में प्राइवेट द्वीप जैसी कई संपत्तियां थीं। उस पर नाबालिग़ लड़कियों का यौन शोषण और तस्करी करने,नाबालिग़ लड़कियों से सेक्स करने,अपने 'विशिष्ट ' अतिथियों को सेक्स हेतु नाबालिग़ लड़कियां परोसने यहाँ तक कि सेक्स के बाद उनकी हत्या करने जैसे संगीन आरोप थे।

अमीर यहूदी फ़ाइनेंसर एपस्टीन, सैकड़ों नाबालिग़ लड़कियों जिनमें अधिकांश 11 से 17 वर्ष आयु की होती थीं,को अपने घरों, प्राइवेट आइलैंड और प्राइवेट जेट पर लाकर उनका वहशी की तरह यौन शोषण किया करता था। वह लड़कियों को "मसाज" के बहाने बुलाता, पैसे देता, फिर उन्हें सेक्स के लिए मजबूर करता था। एपस्टीन को किशोरावस्था की शुरुआती उम्र वाली लड़कियों के साथ सैक्स करने में विशेष दिलचस्पी थी। उसने स्वयं यह स्वीकारोक्ति की थी कि उसे "रोज़ाना कम से कम तीन बार सेक्स चाहिए" और उसे युवा शरीर ही पसंद है। लड़कियों को "ख़रीदना" उसे गॉड जैसा एहसास दिलाता था। वह ग़रीब लड़कियों को पैसे, गिफ़्टस आदि देकर कंट्रोल किया करता था। उसकी पार्टनर घिस्लेन मैक्सवेल जोकि इस समय जेल में है वही एपस्टीन की हवस पूरी करने के लिये लड़कियों को भर्ती करती थी। ख़बरों के अनुसार घिस्लेन के पिता रॉबर्ट मैक्सवेल इस्राईली इंटेलिजेंस, मोसाद से जुड़े थे। और मोसाद के इशारे पर ही एपस्टीन दुनिया की प्रमुख हस्तियों को निशाना बनाकर "हनीट्रैप" रैकेट चलाता था। एपस्टीन की शिकार ज़्यादातर लड़कियां ग़रीब,मजबूर व कमज़ोर परिवारिक पृष्ठभूमि से होती थीं। इनमें कई पीड़िताएँ आज भी ज़िंदा हैं और कोर्ट में बयान दे चुकी हैं। एपस्टीन को 2008 में फ़्लोरिडा में दोषी क़रार दिया गया था। परन्तु कहा जाता है कि उसके धनबल की वजह से उसे उस समय कम सज़ा मिली। 2019 में सेक्स ट्रैफ़िकिंग के आरोप में उसे फिर गिरफ़्तार किया गया। अदालत में उसके विरुद्ध 100 से भी अधिक पीड़िताओं ने गवाही दी। इन्हीं दस्तावेज़ों व फ़ोटोज़ के आधार पर उसे इसी क्लासिक चाइल्ड सेक्स ट्रैफ़िकिंग के केस में फिर सज़ा सुनाई गयी। और 2019



में ही बड़े ही रहस्यमयी ढंग से जेल में उसकी मौत भी हो गयी।

अब दुनिया में कोहराम इस बात को लेकर मचा हुआ है कि आख़िर इतने बड़े अपराधी तथा मानवता के दुश्मन दुश्चरित्र व्यक्ति के साथ दुनिया के स्वयंभू विशिष्ट लोगों के संबंध की वजह क्या थी ? आख़िर क्यों दुनिया के जाने माने लोग एपस्टीन के अलग अलग द्वीप पर जाया करते थे ? इस समय पूरी दुनिया को अपनी उंगलियों पर नचाने की कोशिश करने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फ़्लाइट लॉग्स में 1990 के दशक में कई बार नाम आया। ब्लैक बुक में उनके नाम की प्रविष्टि पाई गयी। इसी तरह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन का भी कई फ़्लाइट्स में नाम आया और वे एपस्टीन की पार्टनर घिस्लेन मैक्सवेल के साथ कई फ़ोटो में भी नज़र आये। ब्रिटेन के पूर्व प्रिंस,प्रिंस एंड्रयू का नाम तो सबसे सबसे ज़्यादा विवादास्पद रहा। यौन शोषण के आरोप में एक दो नहीं बल्कि सैकड़ों बार उनका नाम आया। इसी तरह इस्राईल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बाराक की एपस्टीन से नियमित मुलाक़ातें और संपर्क की चर्चा है। वहीँ स्पेन के पूर्व प्रधानमंत्री जोस मारिया आजनार का नाम भी पैकेज और ट्रैवल रिकॉर्ड्स में कई बार आया है। ब्रिटेन के पूर्व मंत्री और राजदूत पीटर मंडेलसन, पूर्व न्यू मैक्सिको गवर्नर बिल रिचर्डसन, कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति एंड्रेस पास्त्राना अरंगो जैसे राजनेताओं के नाम भी एपस्टीन फ़ाइल्स में किसी न किसी रूप में शामिल हैं। उद्योग व फ़िल्म जगत की विश्वप्रसिद्ध हस्तियां भी एपस्टीन फ़ाइल्स से अछूती नहीं रहीं। एलन स्पेस एक्स के संस्थापक, सीईओ और मुख्य डिज़ाइनर,टेक बिलेनियर एलन मस्क,माइक्रोसॉफ़्ट को-फ़ाउंडर बिल गेट्स, वर्जिन ग्रुप के फ़ाउंडर रिचर्ड ब्रैनसन,पूर्व अमेरिकी ट्रेज़री सेक्रेटरी लैरी समर्स, फ़िल्म डायरेक्टर वुडी एलन,सिंगर माइकल जैक्सन, रोलिंग स्टोन्स के फ्रंटमैन मिक जैगर, तथा अभिनेता के विन स्पेसी जैसे अनेक लोगों के नाम किसी न किसी रूप में एपस्टीन फ़ाइल्स के रहस्योद्घाटनों में शामिल हैं। भारत में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, व्यवसायी अनिल अंबानी,भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, लेखक दीपक चोपड़ा, फ़िल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप, निर्देशक व अभिनेत्री नंदिता दास जैसे लोगों के नाम प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जेफ़री एपस्टीन फ़ाइल्स में पाए गए हैं। किसी के नाम फ़्लाइट्स लॉग्स में सामने आये तो किसी के लंबे समय तक एपस्टीन के संपर्क में रहने की बात सामने आयी। किसी के संदेशों और द्वीप भ्रमण करने का ज़िक्र आया तो किसे का एपस्टीन से पुराना सम्बन्ध निकला। एपस्टीन का किसी के साथ फ़्लाइट्स में नाम आया तो किसी का जेफ़री एपस्टीन के डिनर्स में शामिल होने पर नाम आया। कोई फ़ोटो में नज़र आया तो किसी को ई मेल भेजे व प्राप्त किये गये।एपस्टीन फ़ाइल्स का व्यापक प्रभाव यह हुआ की इसमें नाम आने के बाद ब्रिटेन के शाही परिवार के पूर्व प्रिंस एंड्रयू की सभी सैन्य उपाधियां छीन ली गईं। उन्हें सार्वजनिक पदों व कर्तव्यों से हटाया गया। इतना ही नहीं बल्कि बाद में उन्हें शाही आवास विंडसर कैसल से बाहर भी निकाल दिया गया। अब वे खुद को 'प्रिंस' नहीं कह सकते। इसी तरह अनेक लोगों को अपने पदों से या तो इस्तीफ़ा देना पड़ा या पद छोड़ना पड़ा। ज़ाहिर है स्वयं को विशिष्ट बताने वाले व दुनिया की आँखों में धूल झोंककर स्वयं को सफ़ेदपोश साबित करने वाले मोसाद के जाल में फंस चुके लोग जेफ़री एपस्टीन जैसे दुर्दांत कुकर्मी से अपने संबंधों को छुपाने की कोशिश में तो ज़रूर लगे हैं। परन्तु यह भी सच है कि जेफ़री एपस्टीन फ़ाइल्स ने अनेक तथाकथित स्वयंभू 'विशिष्ट' लोगों को 'अपशिष्ट' भी प्रमाणति कर दिया है।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से साझेदारी करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समाज में मान सम्मान बढेगा, आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे।

वृष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

मिथुन राशिः आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, इससे नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको बात करते समय अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की जरूरत है, अन्यथा आपका विरोध हो सकता है।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा।

सिंह राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगे। आज आपको वाहन चलाते समय खास सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

तुला राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज आपको अपनी सेहत पर ध्यान देने की जरूरत है।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज आप अपने खाली समय में अपनी अच्छाइयों और कमियों के बारे में विचार करेंगे। मित्रों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

धनु राशिः आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की सम्भावना है। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोडने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। आप आज भक्तिमय रहेंगे, गौ सेवा करने का मन बनायेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन बहुत बढिय़ा रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगो से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। नया बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे।

कुम्भ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जायेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, आपको सफलता मिलेगी। आज ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। संतान के करियर को लेकर आप थोड़े चिंतित रहेंगे, आप अपने संतान के करियर के लिए उसके गुरु से बातचीत कर सकते है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को ख़ुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें। इससे आपको जरूरी बातें पता चल सकती हैं। कुछ नए लोग आपकी बात से प्रभावित होकर आपसे बातचीत करना चाहेंगे।

## सू- दोकू क्र.318

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.317 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य - 318

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 317 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

### राजनीति

# सत्रह वर्षों बाद सत्ता में लौटी बीएनपी ने बांग्लादेश की राजनीति की दिशा बदली

**डॉ. प्रियंका सौरभ**



बांग्लादेश के हालिया आम चुनावों में बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने तारिक रहमान के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। सत्रह वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद राजनीति में लौटे तारिक रहमान ने अपनी माँ और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को दो-तिहाई से अधिक सीटें दिलाईं। यह जीत न केवल एक चुनावी सफलता है, बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में सत्ता संतुलन के व्यापक पुनर्संयोजन और एक नए राजनीतिक दौर की शुरुआत का संकेत भी देती है। भारत के लिए यह परिणाम अवसरों के साथ-साथ कई रणनीतिक अनिश्चितताएँ भी लेकर आया है, जिनका प्रबंधन आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करेगा। पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय तक बांग्लादेश की राजनीति पर अवामी लीग और शेख हसीना का वर्चस्व रहा। इस अवधि में स्थिरता, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय सहयोग के साथ-साथ सत्ता के केंद्रीकरण, विपक्ष के दमन और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर होने के आरोप भी लगातार लगते रहे। लंबे समय तक एक ही राजनीतिक धारा के प्रभुत्व ने मतदाताओं में प्रशासनिक थकान और परिवर्तन की आकांक्षा को जन्म दिया। बीएनपी की जीत को इसी व्यापक जन-असंतोष और राजनीतिक विकल्प की तलाश के परिणाम के रूप में देखा जा सकता। तारिक रहमान लंबे समय से बांग्लादेश की राजनीति में एक प्रभावशाली, किंतु विवादास्पद चेहरा रहे हैं। निर्वासन काल के दौरान उन पर भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और कट्टरपंथी तत्वों से संबंधों जैसे आरोप लगे, जिनके कारण उनकी छवि धूमिल हुई। हालांकि दिसंबर 2025 में लंदन से स्वदेश वापसी के बाद उन्होंने अपने राजनीतिक दृष्टिकोण में बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने पार्टी संगठन का पुनर्गठन किया, युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाया और जमीनी स्तर पर जन आंदोलन को पुनर्जीवित किया। निर्वासन काल के अनुभवों को उन्होंने राजनीतिक पूंजी में बदला और बीएनपी को चुनावी रूप से पुनर्स्थापित किया। इस संदर्भ में यह जीत केवल पारिवारिक विरासत का विस्तार नहीं, बल्कि रणनीतिक पुनर्संयोजन, संगठनात्मक अनुशासन और बदलते राजनीतिक यथार्थ को समझने की क्षमता की सफलता भी मानी जा रही है। बीएनपी ने 13वें आम चुनावों में आर्थिक सुधार, भ्रष्टाचार उन्मूलन और अल्पसंख्यक सुरक्षा को अपने प्रमुख चुनावी मुद्दों के रूप में प्रस्तुत किया। बेरोज़गारी, महँगाई और शासन में पारदर्शिता की कमी जैसे मुद्दों ने मतदाताओं को गहराई से प्रभावित किया। पार्टी ने अपनी पारंपरिक कट्टरपंथी छवि से दूरी बनाने का प्रयास किया और हिंदू समुदाय सहित सभी अल्पसंख्यकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। यह जनादेश इस बात को रेखांकित करता है कि लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक वर्चस्व और प्रशासनिक थकान के बाद मतदाताओं ने परिवर्तन को प्राथमिकता दी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से सत्ता परिवर्तन ने यह भी संकेत दिया कि बांग्लादेशी समाज स्थिरता के साथ-साथ उत्तरदायी शासन की अपेक्षा रखता है। भारत के दृष्टिकोण से बीएनपी की यह जीत मिश्रित संकेत देती है। ऐतिहासिक रूप से भारत के संबंध अवामी लीग सरकार के साथ अधिक सहज और स्थिर रहे हैं। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद-रोधी सहयोग और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में शेख हसीना सरकार ने भारत के साथ घनिष्ठ तालमेल रखा। इसके विपरीत, बीएनपी को लेकर नई दिल्ली में हमेशा संदेह बना रहा है, विशेषकर 2001–06 के शासनकाल के अनुभवों के कारण। हालांकि हाल के वर्षों में तारिक रहमान ने भारत के प्रति अपेक्षाकृत संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। चुनावों से पहले भारत द्वारा बीएनपी को अनौपचारिक रूप से "ग्रीन सिग्नल" देना इसी बदलते दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह संकेत करता है कि भारत अब बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में किसी एक दल पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी संवाद की नीति अपनाने को तैयार है। आर्थिक दृष्टि से बीएनपी सरकार भारत के लिए नए अवसर खोल सकती है। बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और दक्षिण एशिया में भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का अहम स्तंभ भी है। नई सरकार के कार्यकाल में द्विपक्षीय व्यापार के 20 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। कनेक्टिविटी परियोजनाओं, जलविद्युत सहयोग, सीमा व्यापार, डिजिटल कनेक्टिविटी और औद्योगिक निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिल सकती है। बांग्लादेश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारतीय निवेश के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत करती है। अल्पसंख्यक हितों की रक्षा को लेकर बीएनपी की सार्वजनिक प्रतिबद्धता भारत की सामाजिक और राजनीतिक चिंताओं को कुछ हद तक कम करती है। इसके बावजूद, अनिश्चितताएँ बनी हुई हैं। बीएनपी पर कट्टरपंथी तत्वों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगते रहे हैं और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों की भूमिका को लेकर सतर्कता आवश्यक है। तारिक रहमान पर लगे पुराने भ्रष्टाचार आरोप, पाकिस्तान के साथ कथित संबंध और हालिया सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएँ भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाती हैं। भारत–बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ, तस्करी, मानव तस्करी और आतंकवाद से जुड़े जोखिम भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। यदि इन मुद्दों पर ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं होती, तो द्विपक्षीय विश्वास प्रभावित हो सकता है।बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का असर केवल भारत-बांग्लादेश संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव व्यापक दक्षिण एशियाई भू-राजनीति पर भी पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान क्षेत्र में अपने प्रभाव को लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए आवश्यक होगा कि वह बांग्लादेश के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत रखे, ताकि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के प्रतिकूल न जाए। बहुपक्षीय मंचों और उप-क्षेत्रीय सहयोग पहलों के माध्यम से संवाद और सहयोग को सुदृढ़ किया जा सकता है। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए संतुलित और सक्रिय कूटनीति अपनाना अनिवार्य होगा। अवामी लीग के साथ पुराने संबंधों को बनाए रखते हुए बीएनपी सरकार के साथ संवाद स्थापित करना भारत के दीर्घकालिक हित में है। एकतरफा झुकाव के बजाय संस्थागत और बहुदलीय संपर्क भारत को अधिक रणनीतिक लचीलापन प्रदान करेगा। मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों पर भारत को न तो उपेक्षा करनी चाहिए और न ही अत्यधिक हस्तक्षेप करना चाहिए। विवेकपूर्ण संतुलन ही भारत की प्रभावशीलता को बनाए रख सकता है। तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की यह जीत भारत के लिए न तो पूरी तरह जोखिमपूर्ण है और न ही पूर्णतः अवसर-प्रधान। यह एक संक्रमणकालीन दौर है, जिसमें सतर्कता, संवाद और व्यावहारिक कूटनीति के माध्यम से भारत न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकता है, बल्कि भारत–बांग्लादेश संबंधों को एक नई और अधिक परिपक्व दिशा भी दे सकता है। यदि अनिश्चितताओं का प्रभावी प्रबंधन किया गया और सहयोग के क्षेत्रों को सुदृढ़ किया गया, तो यह राजनीतिक परिवर्तन न केवल द्विपक्षीय संबंधों को, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और सहयोग की संभावनाओं को भी सशक्त कर सकता है।

**(डॉ. प्रियंका सौरभ, पीएचडी (राजनीति विज्ञान), कवयित्री एवं सामाजिक चिंतक हैं।)**

## एक नजर

### जिले में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया

**कोरबा, 16 फरवरी।** जिले में महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कनकी स्थित कनकेश्वर धाम में आधी रात से ही शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं और सुबह होते-होते पूरा वातावरण हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कनकेश्वर धाम, कपिलेश्वरनाथ महादेव मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव सहित जिले के सभी प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता पूरे दिन लगा रहा। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। दिनभर मंदिर परिसरों में भजन मंडलियों द्वारा शिव भजनों और कीर्तन का आयोजन किया गया। शिव तांडव स्तोत्र, महामृत्युंजय मंत्र और शिव आराधना के भजनों ने भक्तों को भक्ति में सराबोर कर दिया। श्रद्धालु नृत्य-कीर्तन करते हुए भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दिए। कनकेश्वर धाम में कोरबा कांवरिया संघ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां महाप्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर सेवा कार्य में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरे जिले में आस्था, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### पांच पिंड महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर भक्तों की लंबी कतार लगी रही

**कोरबा, 16 फरवरी।** पांच पिंड महादेव मंदिर में पुरानी बस्ती में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। कमला नेहरू कॉलेज के पीछे हसदेव नदी के तट पर स्थित मंदिर को भोले सेवा समिति के सदस्यों द्वारा आकर्षक और अद्भुत सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में रंग गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते रहे। भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस आयोजन को सफल बनाने में वार्डवासियों का भी सराहनीय सहयोग भोले सेवा समिति को मिला। समिति के सदस्यों ने भक्तों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं।

### महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु, गेवरा में भंडारा कल

**कोरबा, 16 फरवरी।** त्रियुगी नक्षत्र में आज महाशिवरात्रि पर धुमधाम से संपन्न हो रहा है। शिवालयों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति दर्ज हुई। जयघोष के साथ भक्तों ने भगवान शिव का पूजा अर्चन किया। ब्रम्हमुर्हूत में मंदिरों के पट खुल गये थे। श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर देवाधीदेव की पूजा-अर्चना की। सबके कल्याण की कामना की गई। कोरबा के सुभाष ब्लाक, मृत्युजंय मंदिर निगम कालोनी, रामपुर बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों के मंदिरों में गजब का उत्साह रहा। महाशिवरात्रि के पर्व पर आज केंद्रीय कर्मशाला गेवरा में पूजा अर्चना की गई और भण्डारा कल होगा। अधिकारी व कर्मचारी मिलकर प्रत्येक वर्ष भण्डारा लगाते है। इस वर्ष विकास शुक्ला, बीएल खुंटे, मुकूल कर्ष, एलपी चंद्रा, सहयोग कर रहे है, जबकि इधर भराकुड़ा में शिवपुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इंटक के मुधर सिंह के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में डीके मिश्रा, छंद राम राठौर सहित अनेको सदस्य शामिल हुए।

### गुरसिया में वनाग्नि रोकथाम के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया

**कोरबा, 16 फरवरी।** कोरबा जिले के वन मंडल कटघोरा अंतर्गत वन परिक्षेत्र एतमानगर ग्राम पंचायत गुरसिया में साप्ताहिक बाजार स्थल पर वनाग्नि की रोकथाम को लेकर विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन मंडलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। मुख्य अतिथि के रूप में पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, जनपद पंचायत पोंड़ी-उपरोड़ा की अध्यक्षा माधुरी देवी, स्थानीय जनपद सदस्य, वन परिक्षेत्र एतमानगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों के सरपंच-पंच, लघु वनोपज समिति के प्रबंधक एवं सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक यामिनी पोर्ते ने की। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच द्वारा वनाग्नि रोकथाम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

# बैलाडीला की लौह नगरी में महाशिवरात्रि पर शिवालयों में दिनभर लोगों ने की पूजा-अर्चना और महाआरती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 16 फरवरी।** लोहा नगरी के सभी शिवालयों में इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व अत्यंत धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। नगर के श्रद्धालु भक्तों ने पूरे दिन पूजा-अर्चना, पाठ, हवन और महाआरती कर भगवान शिव के प्रति अपनी गहरी आस्था और सेवा भाव प्रकट किया। नगर के बरगद-पीपल संगम स्थित शिवालय काल भैरव महादेव में विशेष आकर्षण देखने को मिला, जहाँ सैकड़ों भक्तों की भीड़ दर्शन और पूजा के लिए उमड़ी। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से शिवलिंग की अभिषेक कर मंत्र जाप किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्य बिंदुः किरंदुल के सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि पर भक्ति का उत्साह पूजा, हवन, अभिषेक और महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल बरगद-पीपल संगम स्थित काल भैरव महादेव मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ विशेष राजयोगों के कारण इस वर्ष का पर्व माना गया अत्यंत शुभ श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजा और व्यवस्था की गई धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस वर्ष महाशिवरात्रि पर लक्ष्मी नारायण योग, बुधादित्य योग, शुक्रादित्य योग, रोचक योग, अमृत योग और सर्वार्थ सिद्धि योग जैसे कई शुभ संयोग बने, जो फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को प्रभावी रहे।मान्यता है कि इस शुभ अवसर पर काल भैरव महादेव के दिव्य स्वरूप के दर्शन और श्रद्धापूर्वक पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसी श्रद्धा को देखते हुए शिवालय काल भैरव महादेव में इस वर्ष विशेष पूजा-अर्चना और भव्य महाआरती की व्यापक तैयारियाँ की गई, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्सव का वातावरण बना रहा।

नगर पालिका अवैध अतिक्रमण को रोक पाने में विफल

# नपा उपाध्यक्ष के वार्ड समेत अन्य वार्डो में बेतरतीब अतिक्रमण

## राजनैतिक संरक्षण पाकर भू माफिया करते हैं सरकारी जमीन पर अतिक्रमण





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 16 फरवरी।** दंतेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण की बाढ़ सी आ गई है। हर कोई फ्री में सरकारी जमीनों पर कब्जा करना चाहता है। भू माफिया धड़ल्ले से जमीन कब्जाने में लगे हुए हैं। जिसे रोक पाने में नगर पालिका पुरी तरह से लाचार है। नगर के वार्ड नंबर 12 जो उपाध्यक्ष का वार्ड है समेत नगर के कई अन्य वार्डो में भी बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हुआ है। बिना राजनैतिक संरक्षण के कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीनों पर कब्जा करने की हिमाकत कतई नहीं कर सकता। पर्दे के पीछे से इन अतिक्रमणकारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होता है यह सर्वविदित है।

एक ओर सरकारें कहती है कि सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों को अतिक्रमण पर सख्त कारवाई के निर्देश दिए जाते हैं। नगर पालिका दंतेवाड़ा पर एक कहावत सटिक बैठता है कि च्जब बाड़ ही खेत खाने लगे तो रखवाली कौन करेज्। अर्थात जिम्मेदार लोग ही जिनके कांधों पर अतिक्रमण रोकने की जवाबदेही है जब वे ही अतिक्रमणकारियों के साथ मिल जाएंगे या उनका संरक्षण करेंगे तो फिर अतिक्रमण होने से कौन रोक पाएगा। नगर पालिका हो चाहे राजस्व विभाग दंतेवाड़ा में अतिक्रमण को लेकर यहां कोई अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा। दंतेवाड़ा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 12 पातररास में गोठान के आसपास की जमीनों पर भी अतिक्रमण हुआ है । यह नपा उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा का वार्ड है जहां से वे चुनाव जीतकर आए हैं इस वार्ड में सरकारी जमीनों पर बेतरतीब अतिक्रमण हुआ है। हमारे संवाददाता ने इन वार्डो का भ्रमण कर एक सामान्य अवलोकन किया तो देखा कि यहां बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हुआ है। अतिक्रमण चाहे पहले के कार्यकाल में हुआ हो या अभी किया गया हो इस पर कारवाई की जवाबदेही तो वर्तमान जनप्रतिनिधि एवं पालिका प्रशासन की बनती है। मगर दुर्भाग्य से कोई कारवाई इन अतिक्रमणकारियों पर नहीं हो रही। इसी प्रकार वार्ड नंबर 3 कतियाररास में स्कूल के पीछे साईड एवं भैरव बाबा मंदिर के आसपास की भूमि पर भी बहुतायात में जंगलों को साफ कर झुग्गीयां तन गई है। वन अधिकार पटटा के आड में भी सरकारी जमीनों पर बेतहाशा अतिक्रमण किया जा रहा है। सरकारी जमीनों पर कब्जा करने का खेल किसी एक वार्ड में नहीं कई वार्डो में सुनियोजित तरीके से चल रहा है।

जनप्रतिनिधियों की ढिलाई, प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही एवं अकर्मण्यता के चलते ऐसी स्थिति निर्मित होती है। बता दें कि नगर पालिका के सीएमओ श्री पालदास के पदभार ग्रहण करने के बाद से सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण तेजी से बढ़ा है। पालिका अधिकारी की सुस्त कार्यप्रणाली के वजह से अतिक्रमण पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शिकायत पर भी पालिका अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आंखे मूंदे बैठे रहते हैं। पालिका अधिकारी पर जनप्रतिनिधियों का दबाव होता है कारवाई न करने का। पालिका में अतिक्रमण को रोकने एवं इन पर प्रभावी कार्यवाही के लिए राजस्व की एक टीम होती है जिनका काम नालियों पर, फूटपाथों पर, वार्डो में स्थित सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण को रोकने की होती है। इस समय दंतेवाड़ा पालिका में राजस्व उप निरीक्षक अकेले जयहरी सिंह हैं जिनके कंधे पर पूरे 15 वाडों में अतिक्रमण रोकने की जिम्मेदारी है। वहीं नपा राजस्व टीम के प्रमुख जयहरी सिंह भी अतिक्रमण को रोकने में पुरी तरह विफल रहे हैं। पालिका को इस कदर बेबस एवं लाचार होते आज से पहले कभी नहीं देखा गया। बड़ा सवाल यही कि नगर क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण पर अगर पालिका और राजस्व विभाग का यही रवैया रहा तो आने वाले समय में जनहित के कार्यो के लिए सरकारों के पास जमीन का एक टुकड़ा भी न बचेगा। आखिर कौन रोकेगा सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण? नगर के प्रति जवाबदेह पालिका अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से नहीं निभा रही। जिसके परिणाम स्वरूप आज हर तरफ अतिक्रमण का खुला खेल चल रहा है।

## सतनामी समाज जिला पदाधिकारियों का निर्वाचन सम्पन्न,अध्यक्ष सुरेश बघेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कोंडागांव 16 फरवरी।** जिला निर्वाचन समिति, सतनामी समाज कोंडागांव के तत्वावधान में दिनांक 15 फरवरी 2026 रविवार को जिला पदाधिकारियों के आम निर्वाचन हेतु मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। निर्वाचन के लिए जिले में कुल 17 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहाँ समाज के मतदाताओं में महिला पुरुष ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान उपरांत मतगणना की प्रक्रिया शाम 5 बजे सतनाम भवन कोंडागांव में प्रारंभ की गई, जो पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई। निर्वाचन परिणाम के अनुसारः जिलाध्यक्ष पद पर श्री सुरेश बघेल निर्वाचित हुए, जिला सचिव पद पर श्री वासुदेव डहरिया निर्वाचित हुए एवं जिला कोषाध्यक्ष पद पर श्री विशाल बंजारे निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाजजनों एवं समर्थकों द्वारा फूलमाला पहनाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। सभी ने आशा व्यक्त की कि नवगठित टीम समाज के विकास, एकता एवं संगठनात्मक मजबूती के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी। यह आम निर्वाचन जिला निर्वाचन समिति के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष सुरेश बेर, सचिव प्रेमराज डहरिया, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र चतुर्वेदी, सदस्य लखमू राम टण्डन, ओमप्रकाश सेवक, सानू मार्कण्डेय,सुरेंद्र बंजारे, पुरुषोत्तम डहरिया, का निर्वाचन प्रक्रिया में अहम योगदान रहा। जिला निर्वाचन समिति के अध्यक्ष श्री सुरेश बेर ने निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों एवं समस्त पीठासीन अधिकारियों एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## खेल प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम बना सरगुजा ओलंपिक: मंत्री नेताम




**सरगुजा 16 फरवरी।** आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम गुरूवार को तीन दिवसीय जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक के समापन समारोह हुए। समारोह स्थानीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय के खेल मैदान में संपन्न हुआ। 10 से 12 फरवरी 2026 तक आयोजित इस तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव ने ग्रामीण और शहरी अंचलों के खिलाडियों ने अपने प्रतिभाओं प्रदर्शन किया। उन्होंने समापन समारोह के अवसर पर कहा कि सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतिभाओं को निखारने को एक सशक्त माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से विशेष रूप से आदिवासी अंचल के युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढने का अवसर मिला है। उन्होंने चयनित सभी खिलाडियों को निरंतर अभ्यास कर संभाग एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी। सरगुजा ओलंपिक में 67,380 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

मंत्री श्री नेताम ने इस मौके पर खेल मैदान में उतर कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने शंकरगढ़ एवं बलरामपुर के मध्य हो रहे बालिका रसाकस्सी प्रतियोगिता में पहुंचकर खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। इस दौरान तीरंदाजी प्रतियोगिता का अवलोकन करते हुए स्वयं भी तीरंदाजी में हाथ आजमाकर खिलाडियों का हौसला बढ़ाया। साथ ही जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मंत्री श्री रामविचार नेताम ने शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

समापन समारोह में पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्री कृष्णा गुप्ता, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष श्री लोधीराम एक्का, उपाध्यक्ष श्री दिलीप सोनी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री भानूप्रकाश दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री वैभव बैंकर, वनमण्डलाधिकारी श्री आलोक वाजपेयी, जिला पंचायत सीइओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर व बलरामपुर एसडीएम श्री अभिषेक गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एम.आर. यादव, जिला खेल अधिकारी श्री मारकूस कुजूर, संबंधित अधिकारीगण एवं खिलाड़ी तथा आमनागरिक मौजूद थे। जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय ओलंपिक में खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय ओलंपिक में कुल 12 खेल विधाओं का आयोजन किया गया, जिसमें व्यक्तिगत खेलों के अंतर्गत एथलेटिक्स (100, 200, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो, 400 मीटर रिले), तीरंदाजी (इंडियन राउंड), बैडमिंटन, कुश्ती एवं कराटे तथा दलीय खेलों में फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी और बास्केटबॉल शामिल रहे। प्रतियोगिताएं जूनियर वर्ग (14 से 17 वर्ष, बालक/बालिका) एवं सीनियर वर्ग (18 वर्ष से अधिक, महिला/पुरुष) में आयोजित की गई।

## भैंसमुंडी के बाद जामगांव में 4 परिवारों के 14 सदस्यों ने ईसाई धर्म छोड़कर मूल धर्म में की वापसी



**कांकेर 16 फरवरी।** जिले में ईसाई धर्म अपना चुके लोगों का सनातन धर्म में वापसी का सिलसिला जारी है। कल भैंसमुंडी में 3 परिवारों के 16 सदस्यों की मूल धर्म में वापसी के बाद आज जामगांव में 4 परिवारों के 14 सदस्यों ने ईसाई धर्म छोड़कर मूल धर्म में वापसी की है। सर्व समाज और गांव के लोगों ने पारंपरिक तरीके से सभी की सनातन धर्म में वापसी करवाई है। बताया जा रहा है कि जामगांव में कमलेश पमार की पत्नी की मौत हो गई थी। उन्होंने अपने पारंपरिक रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार की इच्छा जताई थी। इसके बाद गांव में हुई बैठक के पश्चात कमलेश पमार के अलावा उनके संबंधी रवि पमार, कृष्णा पमार और वीरेंद्र पमार के परिवार के कुल 14 सदस्यों ने अपने मूल धर्म में वापसी की है।

## सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक ने बांटे बाइबिल की प्रति, कारण बताओ नोटिस जारी

**जशपुर 16 फरवरी।** सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक द्वारा बाइबिल की प्रति बांटे जाने से विवाद की स्थिति बन गई है। मामले में शिक्षा विभाग ने संबंधित शिक्षक को कारण बताओ नोटिस थमा कर सफाई मांगी है। मामला जिले के फरसाबहार विकासखंड के केरसई का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय में व्याख्याता पद पर पदस्थ शिक्षक दीपक तिग्गा पर आरोप है कि उन्होंने पढ़ाई के दौरान कक्षा में जाकर छात्र-छात्राओं को बाइबिल की छोटी पुस्तकें वितरित कीं। इस बाइबिल को हिन्दू छात्र-छात्राओं को भी बांटा गया। प्राचार्य कार्यालय से जारी नोटिस के मुताबिक, 10 फरवरी को दीपक तिग्गा विलंब से विद्यालय पहुंचे और बिना प्राचार्य से मुलाकात किए सीधे कक्षा में चले गए। वहां उन्होंने उपस्थित ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को बाइबिल की पुस्तकें बांटना शुरू कर दिया। मामले के सामने आने के बाद जब छात्र-छात्राओं के बैग की जांच की गई, तो कुल 14 नग बाइबिल की



पुस्तकें बरामद की गईं। फिलहाल संबंधित अधिकारियों ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्गेश देवांगन ने बताया कि शिक्षक तिग्गा बुधवार से स्कूल नहीं आए हैं और उनका कोई पता नहीं है। फिलहाल जिला शिक्षा अधिकारी को मामला जांच कर भेजा गया है, आगे की कार्रवाई जिला से की जाएगी।

धान खरीदी विपणन वर्ष 2025-26 में मनेंद्रगढ़,चिरमिरी,भरतपुर जिले ने

# धान खरीदी व उठाव की प्रक्रिया का संचालन प्रभावी ढंग से किया

**एमसीबी 16 फरवरी।** धान खरीदी विपणन वर्ष 2025-26 में मनेंद्रगढ़दृचिरमिरीदृभरतपुर जिले ने धान उपार्जन और उठाव प्रक्रिया को जिस प्रभावी ढंग से संचालित किया है, वह केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और शासन व्यवस्था के बीच विश्वास निर्माण का महत्वपूर्ण उदाहरण बनकर सामने आया है। छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य में धान प्रबंधन की सफलता सीधे तौर पर किसानों की आय, ग्रामीण रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था की गति से जुड़ी होती है। ऐसे में जिले का यह अभियान प्रशासनिक योजना, संसाधन प्रबंधन और संवेदनशील नेतृत्व की समन्वित कार्यशैली को दर्शाता है।



इस वर्ष जिले के 19 हजार 58 किसानों से 8 लाख 79 हजार 848 क्विंटल से अधिक धान का उपार्जन किया गया, जो सरकारी खरीदी प्रणाली के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत है। कुल खरीदी में से 3 लाख 6 हजार 170 क्विंटल धान का 34.84 प्रतिशत उठाव अब तक पूरा होना यह दर्शाता है कि प्रशासन ने खरीदी के साथ-साथ उठाव को भी समान प्राथमिकता दी है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि केवल लक्ष्य निर्धारित करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि संसाधनों का संतुलित उपयोग और सतत निगरानी भी उतनी ही आवश्यक होती है।

धान उठाव की प्रक्रिया में सबसे बड़ी चुनौती भंडारण और परिवहन प्रबंधन होती है। जिले में ट्रकों की समयबद्ध उपलब्धता, मिलों तक सीधी आपूर्ति और लोडिंगदृअनलोडिंग के लिए पर्याप्त श्रमिकों की तैनाती से उपार्जन केंद्रों पर दबाव कम हुआ है। यह मॉडल दिखाता है कि यदि लॉजिस्टिक प्रबंधन मजबूत हो, तो बड़े पैमाने पर कृषि उपज का संचालन भी सुचारू रूप से संभव है। डिजिटल मॉनिटरिंग और नियमित समीक्षा बैठकों ने निर्णय प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया है।

राज्य स्तर पर स्पष्ट नीति और किसान-केंद्रित दृष्टिकोण ने जिले के अभियान को दिशा प्रदान की है। खरीदी से लेकर उठाव तक प्रत्येक चरण को समयबद्ध और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया गया, जिससे किसानों को भुगतान और मूल्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई। नेतृत्व की यह स्पष्टता प्रशासनिक तंत्र में जवाबदेही और कार्यक्षमता बढ़ाने का प्रमुख कारण बनी है।

हालांकि कुछ उपार्जन केंद्रों पर उठाव की गति अपेक्षाकृत धीमी रही, लेकिन प्रशासन ने इसे समस्या के रूप में स्वीकार करते हुए अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था, परिवहन मार्गों की निगरानी और श्रमिकों की संख्या में वृद्धि जैसे त्वरित निर्णय लिए। यह दर्शाता है कि अभियान केवल उपलब्धियों पर केंद्रित नहीं रहा, बल्कि चुनौतियों के समाधान को भी प्राथमिकता दी गई।

19 हजार से अधिक किसानों की सक्रिय भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि सरकारी व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है। समय पर खरीदी और उठाव से किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। यह अभियान प्रशासन और किसान के बीच संवाद और सहयोग की नई मिसाल भी प्रस्तुत करता है।

धान उठाव की तेज गति से मिलों में प्रसंस्करण कार्य शीघ्र प्रारंभ हुआ, जिससे स्थानीय रोजगार और ग्रामीण बाजारों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ीं।

## एक नजर

### प्रशासन श्रमिकों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध-कलेक्टर

**रायगढ़, 16 फरवरी।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों की नियमित जांच एवं मॉनीटरिंग के लिए अनुभाग स्तर पर संयुक्त समिति के गठन का आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जिले में संचालित छोटे एवं बड़े उद्योगों में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रमिकों के साथ-साथ अन्य जिलों एवं प्रांतों के श्रमिक कार्यरत हैं। गठित समिति का मुख्य उद्देश्य विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों में संलग्न श्रमिकों के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रावधानों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही श्रमिकों के स्वास्थ्य, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरणीय मानकों के पालन की नियमित समीक्षा भी की जाएगी।

### अघोर गुरु पीठ बनोरा पहुंचे मुख्यमंत्री साय, गुरु दर्शन कर लिया आशीर्वाद

**रायगढ़, 16 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान आज ग्राम बनोरा स्थित अघोर गुरु पीठ ब्रह्मनिष्ठालय पहुंचे। उन्होंने आश्रम के उपासना स्थल पर अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी की प्रतिमा के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने अघोरेश्वर के प्रिय शिष्य बाबा प्रियदर्शी भगवान राम जी के दर्शन कर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन भी प्राप्त किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक परंपरा हमारी सबसे बड़ी धरोहर है। अघोर गुरु पीठ जैसे संस्थान समाज को संस्कार, सेवा और सद्भाव का संदेश दे रहे हैं। यहां आकर आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा की भावना पहुंचाना ही सच्चा राष्ट्र निर्माण है।

### सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्धःमुख्यमंत्री



**रायगढ़, 16 फरवरी।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाज प्रमुखों से आत्मीय मुलाकात कर संवाद किया। मुख्यमंत्री ने समाज के समग्र विकास में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए सभी समाजों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर कुल 28 समाजों के प्रमुखों ने भाग लिया। इनमें अघरिया, बंगाली सिख, केरल, अग्रवाल, यादव, साहू, माली, गुजराती, चौहान, आदिवासी, उत्कल, सिंधी, सतनामी, करण महंती, केसरवानी, बरई-थवाईत, राजपूत, मराठी, कुशवाहा, सोनी ब्राह्मण, भोजपुरी, निषाद, जैन, कोलता, देवांगन और कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं को प्रमुखता से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करने तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने समाज प्रमुखों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने समाज के लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने हेतु प्रेरित करें, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ जरूरतमंदों तक पहुँच सके।

### राजिम कुंभ कल्प 2026 केकवि सम्मेलन में गूंजे साहित्य और अध्यात्म के स्वर

**राजिम।** राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प 2026 के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम की धरती साहित्यिक रसधारा से सराबोर हो उठी। आध्यात्मिक वातावरण के बीच आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में प्रदेशभर से आए कवियों और साहित्यकारों ने गीत, गजल और कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार काशीपुरी 'कुंदन' एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक डॉ. मुन्नालाल देवदास 'संतोष व्यास' की गरिमामयी उपस्थिति रही। सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और भक्ति भाव से ओतप्रोत रचनाओं ने देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा।छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गजलकार रत्नांचल जिला साहित्य एवं जनकल्याण समिति गरियाबंद के अध्यक्ष शायर जितेंद्र सुकुमार ''साहिर'' की प्रस्तुति ''मेरी धड़कन है, मेरी जान है राजिम, मेरे छत्तीसगढ़ की शान है राजिम'' पंक्तियों की प्रस्तुति दी। कवयित्री-लेखिका सुश्री सरोज कंसारी ने ''बेटी'' विषय पर एक अत्यंत मर्मस्पर्शी व प्रेरणादायी कविता प्रस्तुत की। उनकी इस रचना ने न केवल श्रोताओं की आंखों को नम किया, बल्कि समाज को एक गहरा संदेश भी दिया, जिसकी उपस्थित जनसमूह व अतिथियों द्वारा मुक्तकंठ से सराहना की।कवि सम्मेलन में रत्नांचल जिला साहित्य एवं जनकल्याण समिति गरियाबंद, प्रयाग साहित्य समिति राजिम, त्रिवेणी साहित्य समिति राजिम-नवापारा और छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति तहसील इकाई राजिम सहित विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के सदस्य शामिल हुए। फणेन्द्र साहू 'मोदी', रेणु शर्मा, विजय कुमार सिन्हा 'बादल', प्रदीप कुंवर दादा, श्याम सुन्दर साहू, भोज साहू 'जी', भुवन लाल श्रीवास 'स्नेही', संतोष कुमार साहू, डी.के. तारा, राजेश साहू 'राज', संतोष सोनकर 'मंडल', प्रिया देवांगन 'प्रियू' सहित अनेक रचनाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के काशीपुरी ''कुंदन'', नूतन लाल साहू, सुरेश कंवर, मकसूदन साहू ''बरीवाला'', सालिक राम शर्मा सरसिज, प्रहलाद गंधर्व, मोहन लाल साहू, किशोर निर्मलकर, रोहित साहू ''माधुर्य'', नरेन्द्र साहू ''पाथ'' और तुषार शर्मा ''नादान'' कल्याणी कंसारी की रचनाओं ने खूब तालियां बटोरीं। संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतिभागी समितियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# समाज के संगठित और जागरूक होने से विकास को मिलती है मजबूती:सीएम साय



**रायगढ़, 16 फरवरी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय कोसमनारा स्थित श्री श्री 108 सत्यनारायण बाबा जी एवं भक्त माता कर्मा-कृष्ण मंदिर के स्थापना दिवस एवं शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने भक्त माता कर्मा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की तथा महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 फरवरी 1998 से पूज्य सत्यनारायण बाबा खुले आसमान के नीचे निरंतर तपस्या में लीन हैं। तीनों ऋतुओं में 28 वर्षों से अधिक समय तक साधना करना अद्वितीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि यह धाम सामाजिक समरसता, आस्था और भाईचारे का सशक्त प्रतीक बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा जी के आशीर्वाद से उन्हें चार बार सांसद रहने का अवसर मिला और आज मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व निभाने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने कामना की कि बाबा भोलेनाथ और बाबा सत्यनारायण का आशीर्वाद प्रदेशवासियों पर निरंतर बना रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज जब संगठित और जागरूक होता है तो विकास को मजबूती मिलती है। साहू समाज को शिक्षित, समर्पित और संगठित समाज बताते हुए उन्होंने कहा कि यह समाज प्रदेश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विकसित राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। समारोह में त्रिभुवन साहू, भरत लाल साहू, कपिल नाथ, अरुणा साहू, मनोज साहू एवं वेदराम साहू को समाज कल्याण में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कोरबा जिला साहू संघ की पत्रिका तथा बाबा सत्यनारायण चालीसा का विमोचन भी किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले 25 लाख से अधिक किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि होली पर्व से पूर्व एकमुश्त प्रदान की जाएगी। लगभग 10,000 करोड़ रुपये की राशि सीधे किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्नदाता भाइयों-बहनों की समृद्धि ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कोसमनारा में कर्मा साहू सामुदायिक भवन के ऊपर अतिरिक्त निर्माण के लिए 50 लाख रुपये की घोषणा की। उन्होंने श्री रामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से प्रदेशवासियों को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन तथा देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा का अवसर मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साहू समाज की एकजुटता विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कोसमनारा धाम के विकास हेतु लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने बिलासपुर संभाग के सात जिलों के नव निर्वाचित जिला साहू संघ के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, कसडोल विधायक श्री संदीप साहू, जैजैपुर विधायक श्री बालेश्वर साहू, नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान, पूर्व सांसद श्री लखनलाल साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष श्री जितेंद्र साहू, 111श्री डिग्रीलाल साहू सहित बिलासपुर संभाग के सात जिलों के नव निर्वाचित पदाधिकारी, बाबा सत्यनारायण की माता हंसमती देवी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग और श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। प्रशानिक अधिकारियों में संभागायुक्त श्री सुनील जैन, आईजी श्री रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शशि मोहन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कर्मा मंदिर संचालन समिति द्वारा मुख्यमंत्री एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री ने महापौर निवास पहुंच नवदम्पति को दिया आशीर्वाद



**रायगढ़, 16 फरवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रविवार को रायगढ़ प्रवास के दौरान महापौर श्री जीवर्धन चौहान के सोनूमुड़ा स्थित पैतृक निवास पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने महापौर के बड़े भाई श्री गोवर्धन चौहान की पुत्री अंजू चौहान एवं कोरबा के बांकी मोगरा निवासी एश्वर्य चौहान को नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश पर आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं।

मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व ही बड़ी संख्या में पार्षद, वार्ड के नागरिक एवं चौहान समाज के लोग महापौर निवास पर एकत्रित हो गए थे। स्वागत को लेकर मुख्य द्वार को आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। जैसे ही मुख्यमंत्री का आगमन हुआ, महापौर श्री जीवर्धन चौहान एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सलिता चौहान ने आरती उतारकर एवं पुष्पवर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ आत्मीयता से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने नवदम्पति को सुखद, सफल एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। उनके साथ रायगढ़ विधायक एवं वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी तथा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने भी नव दंपत्ति को आशीर्वाद प्रदान किया।

महापौर निवास पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आत्मीय वातावरण में परिवारजनों से मुलाकात की तथा नाश्ते में घर का बना पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन 'चीला' का स्वाद लिया। उन्होंने चीला के स्वाद की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में पुनः इसे खाने अवश्य आएंगे।

इस अवसर पर श्री अरुणधर दीवान, चौहान समाज के वरिष्ठ नेता महावीर चौहान, मुकेश जैन, पुसौर जनपद अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री मोहित सतपथी, चौहान समाज के अध्यक्ष देवप्रसाद चौहान, श्री विवेक रंजन सिन्हा, पूर्व सभापति सुरेश गोयल सहित जनप्रतिनिधि एवं चौहान समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में आधी रात से शुरू हुआ स्नान दीपदान और जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य लाभ

**राजिम,16 फरवरी।** धार्मिक नगरी राजिम में आयोजित कुंभ कल्प के दौरान महाशिवरात्रि पर आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की। ब्रह्म मुहूर्त की प्रतीक्षा किए बिना श्रद्धालु आधी रात से ही संगम तट पर पहुंचने लगे। संगम घाट, स्वर्ण तीर्थ घाट, नेहरू घाट और स्नान कुंड में तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

स्नान उपरांत श्रद्धालुओं ने दीपदान किया और सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने संगम की रेत से शिवलिंग बनाकर विधि-विधान से जलाभिषेक किया। कई श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की। नदी की धारा में तैरते दीपों की जगमगाहट ने वातावरण को आध्यात्मिक आभा से भर दिया।

स्नान के बाद श्रद्धालुओं की लंबी कतार त्रिवेणी संगम के मध्य स्थित श्री कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर, श्री राजीव लोचन मंदिर और बाबा गरीब नाथ मंदिर मामा-भांचा मंदिर और अन्य मंदिरों की ओर बढ़ती दिखाई दी। कुलेश्वर नाथ महादेव के दर्शन के लिए मंदिर परिसर से लगभग करीब एक किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूँजता रहा।महाशिवरात्रि पर नदी में स्नान का विशेष महत्व होता है वहीं जब वह त्रिवेणी संगम हो स्नान का पुण्य लाभ का महत्व और बढ़ जाता है। मान्यता है कि महानदी, सोंढूर और पैरी नदियों के संगम में स्नान करने से तन-मन पवित्र होता है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पर्व के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भंडारों का आयोजन भी किया गया।

## राजिम कुंभ कल्प में विधिक जागरूकता का अभियान से लोगों को मिल रही निशुल्क कानूनी जानकारी

**राजिम,16 फरवरी।** राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प के नवीन मेला मैदान में इस बार आस्था के साथ-साथ विधिक जागरूकता का भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा लगाए गए स्टॉल पर मेलार्थियों और दर्शनार्थियों को विभिन्न कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है।

स्टॉल के माध्यम से घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल श्रम कानून, मध्यस्थता प्रक्रिया तथा आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत संचालित टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे जरूरतमंद लोग तुरंत कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें।

कानूनी विशेषज्ञों द्वारा सरल और सहज भाषा में कानून की बारीकियां समझाई जा रही हैं, जिससे आम नागरिकों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। जानकारी प्राप्त करने के बाद कई मेलार्थियों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे कानून संबंधी किसी भी प्रकार के भ्रम या धोखे का शिकार नहीं होंगे।

# रेडियो किसान दिवस पर कृषक रत्नों का सम्मान




**रायगढ़, 15 फरवरी।** रेडियो किसान दिवस का आयोजन आज सारंगढ़ जिले के ग्राम परसाडीह में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विशेषज्ञों, कृषि अधिकारियों ने किसानों को विभागीय योजनाओं के साथ कृषि में नवाचार की जानकारी दी। बताया गया कि धान में आत्मनिर्भर तो किसान हैं ही, अब वक्त आ गया है कि हमें दलहन तिलहन में आत्मनिर्भर बनना है। इस अवसर पर कृषि के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित डॉ.खूबचंद बघेल पुरस्कृत 6 कृषक रत्न पहुंचे, जिनका सम्मान आकाशवाणी परिवार की ओर से किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि अधिकारी और विशेषज्ञों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नीरज प्रभाकर ने रेडियो किसान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे सरकारी योजनाओं और किसानों के बीच आकाशवाणी सेतु का काम करता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, लेकिन केवल चावल से ही हमारा जीवन नहीं चलता बल्कि उसके साथ हमें दाल की भी जरूरत पड़ती है। दाल हमारे पास है नहीं, इसलिए हमें देश के अन्य राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि हम दलहन-तिलहन के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम में आकाशवाणी रायगढ़ किसानवाणी प्रभाग के सूत्रधार मुकेश चतुर्वेदी, दिलीप चौधरी, अजय श्रीवास, स्वतंत्र महंत, धवल गुप्ता, सुशील प्रधान और रामविलास पटेल मौजूद रहे।

इस अवसर पर उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि रेडियो संचार का एक सशक्त माध्यम है। जहां नेटवर्क समाप्त होती है वहां रेडियो सूचना पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने खेती किसानी को लेकर कहा कि अब जल संरक्षण को लेकर सबको जागरुक होने की जरुरत है। खेती किसानी का काम बिना पानी का पूरा नहीं हो सकता है, लेकिन दिनों-दिन गिरते जल स्तर इसके लिए आगे समस्या खड़ी कर सकती है। ऐसे में किसानों को चाहिए कि ऐसे फसल का चुनाव करें जिसमें पानी कम खपत होती है। उप संचालक पशुधन विकास विभाग के डॉ महेंद्र पाण्डेय ने मवेशियों की हो रही कमी को लेकर चिंता जताई। पाण्डेय ने कहा कि पशुओं को सड़क पर न छोड़ें बल्कि पालन-पोषण में दिक्कत हो रही है तो उसे गौ शालाओं में छोड़ दें, ताकि उसका संरक्षण हो सके। उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी और इसका फायदा लेने के लिए किसानों को आगे आने की बात कही। उन्होंने इन योजनाओं पर किसानों को मिलने वाली अनुदान की जानकारी दी।

उप संचालक मत्स्य विभाग नकुल ओगरे ने मछली पालन करके किसान अपनी आमदनी को किस तरह बढ़ा सकते हैं उसकी जानकारी दी। उन्होंने कई योजनाओं की जानकारी दिया जिसका लाभ लेकर किसान अपना मुनाफा बढ़ा सकते हैं। बड़े और छोटे तालाब का निर्माण किसान किस तरह से सरकारी योजना के माध्यम से कर सकते हैं इसकी जानकारी दी। केंद्रीय रेशम बोर्ड के वरिष्ठ तकनीकी सहायक मुरलीधर देवांगन ने तसर पालन से होने वाली आमदनी की जानकारी दी। उन्होंने कीट पालन के लिए जरुरी पौधे रोपने किस तरह से अनुदान ले सकते हैं उसकी जानकारी दी। एसडीओ कृषि हरीश राठौर ने उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक खाद के इस्तेमाल से होने वाली नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने पीएम आशा के बारे में किसानों को बताया और इसके लिए कहां, कैसे पंजीयन करा सकते हैं इसकी जानकारी दी। केवीके के विषयवस्तु विशेषज्ञ केके पैंकरा ने बताया कि पहले जैसी जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर अब लौटना पड़ेगा।

# राजिम कुंभ कल्प में महाशिवरात्रि पर नागा साधुओं सहित संतों ने निकाली शोभायात्रा, पर्व स्नान करने उमड़ी नागा साधु-संतों की भीड़



**राजिम,16 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला के अंतिम दिवस महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नागा बाबाओं, साधु-संतों, विभिन्न अखाड़ों ने शाही स्नान के लिए ऐतिहासिक शोभायात्रा संत समागम स्थल परिसर से सुबह 7 बजे निकाली। इस शोभा यात्रा में समस्त नागा, साधु-संतों के साथ संस्कृति और पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। शोभायात्रा में सुसज्जित पालकियों शाही बग्गी, घोड़ों में विभिन्न साधु-संत सवार थे।

शोभायात्रा संत समागम स्थल से शुभारंभ होकर श्रीकुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पीछे मार्ग से नेहरू बाल उद्यान होते हुए, इंदिरा मार्केट, राजिम पुल, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, गौरवपथ राजिम, वीआईपी मार्ग होते हुए मेला परिसर में बने शाही कुंड में पहुंचे। शोभायात्रा का स्वागत दोनों शहर नवापारा और राजिम में विभिन्न चौक चौराहों में फूल बरसा कर किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न चौक में अनेकों अस्त्र-शस्त्रों से लैस नागा बाबाओं, साधु-संतों ने शौर्य प्रदर्शन करते हुए अखाडा चलाते रहे। नागा साधुओं के तलवार और फरसा भांजते खुशी से नाचते देखकर मेले में आए अंचलवासी भी रोमांचित हो उठे। धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए शोभायात्रा शाही कुंड के पास पहुंची। यहां नागा साधुओं ने विधि विधान के साथ शस्त्र पूजन पश्चात कुंड में छलांग लगाई।नागा बाबाओं के साथ मंत्री राजेश अग्रवाल और विधायक रोहित साहू, इंद्र कुमार साहू भी कुंड में डुबकी लगाने के लिए उतर गए। इस दौरान पर्यटन मंत्री ने भगवान दत्तात्रेय की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। शाही स्नान करने विभिन्न अखाड़ों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस विहंगम दृष्य को देखने मेला क्षेत्र के अलावा कुंड के पास बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। शाही यात्रा की भव्यता का आनंद लेने विदेशी पर्यटक भी शामिल हुए।

## समाचार संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर कुलेश्वरनाथ व राजीवलोचन मंदिर में उमड़ी भीड़, घंटों इंतजार के बाद मिले दर्शन



**राजिम,16 फरवरी।** राजिम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। तीन नदियों के संगम पर स्थित पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर और राजीवलोचन मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लग गईं और श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा।मंदिर के सामने प्रशासन द्वारा तीन से चार कतारों में बैरिकेड्स लगाए गए थे। बैरिकेड्स भरने के बाद श्रद्धालुओं की लाइन दूर तक फैल गई। चिलचिलाती धूप में भी श्रद्धालु अडिग भाव से खड़े रहे। प्रशासन ने धूप से राहत देने के लिए पंडाल की व्यवस्था की थी, लेकिन बढ़ती भीड़ के कारण कई श्रद्धालुओं को खुले में ही इंतजार करना पड़ा। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई थीं, जिनमें महिलाओं की संख्या अधिक देखने को मिली।रायगढ़ की बिसाहिन बाई, महासमुंद की केकती और भिलाई की दुर्गा ने बताया, आज महाशिवरात्रि है, दो घंटे लगें या पांच घंटे, बाबा के दर्शन करके ही जाएंगे। इतनी दूर से आए हैं, संगम में स्नान कर अब महादेव के दर्शन का इंतजार कर रहे हैं। वहीं उड़ीसा के धुरवा राम, रायपुर के थानेश्वर और लोकेश साहू, कांकेर के मुन्नालाल तथा गरियाबंद के योगेश कुमार ने कहा कि महाशिवरात्रि पर पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन अत्यंत शुभ माना जाता हैं। उन्होंने कहा, ÷विश्व में विरले इस स्वरूप के दर्शन का सौभाग्य मिला है, ऐसे अवसर को छोड़ नहीं सकते।÷ मंदिर परिसर में ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की आस्था और धैर्य ने महाशिवरात्रि के पर्व को राजिम में और भी विशेष बना दिया।

### कबाड़ से बना 'काक भगौड़ा' आकर्षण का केंद्र, समग्र शिक्षा स्टॉल पर बच्चों की लगी भीड़




**राजिम,16 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प के नवीन मेला मैदान में इस बार शिक्षा विभाग का स्टॉल भी खास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा अभियान का स्टॉल लगाया गया है, जहां मेलार्थियों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।स्टॉल पर जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर, सहायक शिक्षक संतोष साहू और व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ उपस्थित रहकर अभिभावकों को मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क गणवेश, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक सहित अन्य शासकीय योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। सहायक शिक्षक संतोष साहू ने बताया कि स्टॉल लगाने का उद्देश्य पालकों को यह बताना है कि शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पूर्व माध्यमिक शाला पितईबंद में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ व्यवसायिक पाठ्यक्रम के तहत मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे स्वावलंबी बन सकें।वहीं स्टॉल पर कबाड़ से तैयार किया गया 'काकभगौड़ा' बच्चों के लिए सेल्फी प्वाइंट बन गया है। बच्चे उसके साथ फोटो खिंचवाकर आनंद ले रहे हैं। शिक्षा और रचनात्मकता के इस अनोखे संगम ने राजिम कुंभ कल्प में एक अलग ही रंग भर दिया है।

### महाशिवरात्रि पर लोक संस्कृति की रंगारंग छटा रामनारायण विश्वकर्मा के डंडा नृत्य ने बांधा समां

**राजिम,16 फरवरी।** राजिम में आयोजित कुंभ कल्प मेला के अंतिम दिवस महाशिवरात्रि पर लोककला और लोक संस्कृति की अनुपम छटा बिखरी। दर्शक दीर्घा खचाखच भरी रही और मंच पर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कलाओं की शानदार प्रस्तुति हुई।

सिरीकला के रामनारायण विश्वकर्मा ने डंडा नृत्य की जोशपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी लय, ताल और ऊर्जा ने छत्तीसगढ़ की लोकपरंपरा को सजीव कर दिया। मगरलोड की रजमतबाई कंवर ने सुवा नृत्य प्रस्तुत कर पारंपरिक लोकनृत्य की सुंदर झलक दिखाई। वहीं मुनगासेर के पद्मा पटेल लोककला मंच की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को उत्साह से भर दिया।गरियाबंद के रवि यादव ने राउत नाचा की शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर दर्शक झूम उठे। भिलाई-चरौंदा के संजय देवांगन ने कबीर भजन गाकर आध्यात्मिक रस घोला। चारामा के चंद्रशेखर सिंहसार के लोक नृत्य ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया, जबकि भाटापारा-बलौदाबाजार के नीलकंठ साहू ने खंजरी वादन से तालियों की गूंज बटोरी।

पूर्व महोत्सव नदी मंच पर भी कार्यक्रमों की धूम रही। कोकड़ी की भारती साहू ने मानस गायन, भसेरा के घनश्याम साहू ने रामायण पाठ, चंपारण के शिवनंदन चक्रधारी ने शिवभजन प्रस्तुत कर भक्तिमय वातावरण बनाया। राजिम की सेजल शिंदे ने लोकगीतों से समां बांधा, वहीं साल्हेभाट की मंजू रामटेके ने पंडवानी की सशक्त प्रस्तुति देकर दर्शकों को कथा के भावसागर में डुबो दिया।

## एक नजर

### हायर सेकेंडरी तिलईरवार में 11वीं के विद्यार्थियो ने 12 के विद्यार्थियों को दी विदाई

**राजनांदगांव 16 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ विदाई सम्मान समारोह मनाया गया । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव श्रीमती जागृति चुन्नी यदु जी रही,अध्यक्षता ग्राम सरपंच तिलईरवार श्रीमती नंदीका कुंजाम, विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, एसएमडीसी के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी, तामेश्वर साहू,जनपद सदस्य श्रीमती कांतिबाई चंद्रवंशी,चंद्रकुमार साहू, रेशम लाल पटेल,श्रीमती निर्मला शांडिल्य , सीएसबी कुंजाम एवं अधिक संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहीं । सर्वप्रथम विदाई कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना से किया गया । कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई । मुख्य अतिथि श्रीमती जागृति चुन्नी यदु जी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को पढ़ाई के लिए कड़ी मेहनत, लगन, ईमानदारी एवं नैतिक शिक्षा के साथ करने के लिए प्रोत्साहित किए। साथ ही सभी बच्चों के विशेष मांग पर संस्था में एक मंच बनाने के लिए घोषणा भी किए। प्राचार्य महोदय जी ने बच्चों को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने के लिए बहुत अच्छी-अच्छी जानकारी दिए । सरपंच नंदीका कुंजाम जी ने 12वीं के बच्चों को हमेशा विद्यालय से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किए। इसी कड़ी में मोरध्वज चंद्रवंशी ,कांतिबाई चंद्रवंशी, तामेश्वर साहू, सीएसबी कुंजाम, निर्मला शांडिल्य आदि सभी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दिए । मुख्य अतिथि जागृति चुन्नी यदु जी के हाथों विद्यालय के मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया, कक्षा 12वीं से सुमीत कुमार ,कुमारी मेनका ,कक्षा दसवीं से कुमारी देवकी ,कुमारी वैशाली, कुमारी काजल मारकंडे। यह सभी बच्चे जिला स्तरीय आवासीय कोचिंग राजनांदगांव भी गए थे, इन सभी का चयन हुआ था । साथ ही मुख्य अतिथि जागृति चुन्नी यदु जी के हाथों विद्यालय के सर्वांगीण विकास में प्रमुखता से अपना योगदान देने वाले, वर्ष 2026 में राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षक व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू जी का प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मान किया गया । इस विदाई समारोह में कक्षा 12वीं के सभी बच्चों के द्वारा बीते हुए पलों को याद करते हुए अपने-अपने विचार रखें। कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा 12वीं के बच्चों के लिए कुछ आकर्षक गेम्स भी रखा गया।

### इंडस टॉवर्स ने सीएसआर पहल के तहत छग के 65 स्कूलों में एसपीआई पूरा किया

**रायपुर, 16 फरवरी।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडस टॉवर्स ने पिंकीशी फाउन्डेशन के सहयोग से, अपनी सीएसआर पहल के तहत छत्तीसगढ़ के दो जिलों नारायणपुर एवं सक्ती के 65 सरकारी स्कूलों में सैनिटरी पैड इंफ्रास्ट्रक्चर को सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत हर स्कूल को डस्टबिन और पैड बैंक (स्टोरेज कबर्ड) मुहैया कराए गए हैं, ताकि किशोरियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं भरोसेमंद मैन्स्ट्रूअल हाइजीन मटीरियल उपलब्ध कराया जा सके । इंडस टॉवर्स ने अपनी सीएसआर पहल के तहत छत्तीसगढ़ स्कूलों में मैन्स्ट्रूल हाइजीन इंफ्रास्ट्रक्चर रोलआउट को सफलतापूर्वक पूरा किया। इंडस टॉवर्स का नारी सम्मान प्रोग्राम नारायणपुर और सक्ती में किशोरियों के लिए मैन्स्ट्रूअल हेल्थ, हाइजीन और जागरुकता को सुलभ बनाएगा। 65 स्कूलों (नारायणपुर में 20 और सक्ती में 45) में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनें और पैड बैंक इंस्टाल किए। नारायणपुर में 20 डस्टबिन और 20 पैड बैंक इंस्टॉल किए; सक्ती में 45 डस्टबिन और 45 पैड बैंक इंस्टॉल किए। नारायणपुर में 40 स्कूल जागरुकता सत्र आयोजित किए; सक्ती में 92 स्कूल जागरुकता सत्र आयोजित किए। नारायणपुर में 62 सामुदायिक सत्र हुए; सक्ती में 56 सामुदायिक सत्र हुए। नारायणपुर में 40 स्कूल सखियों और 20 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया; सक्ती में 90 स्कूल सखियों और 45 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। नारायणपुर में 3383 से अधिक लड़कियों को 6766 पैड पैकेट बांटें; सक्ती में 9851 लड़कियों को 19,702 पैड पैकेट बांटे। नारायणपुर में 64618 पैड सप्लाई किए; सक्ती में 1,74,124 पैड सप्लाई किए। इंडस टॉवर्स एवं पिंकीशी के प्रयासों की सराहना करते हुए जिला अधिकारी ने कहा, ''इन इन्स्टॉलेशन्स का पूरा होना हमारी छात्राओं के कल्याण एवं सम्मान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लड़कियों की पढ़ाई में कोई रूकावट न आए, इसके लिए मैन्स्ट्रूअल हेल्थ को सुनिश्चित करना जरूी है।

# 18 फीट ऊंची शिव प्रतिमा का उद्योग मंत्री ने पूजा-अर्चना कर किया अनावरण



**रायपुर, 16 फरवरी।** जेसीआई कोरबा द्वारा मोतीसागर बस्ती के समीप मुक्तिधाम में भगवान शंकर की 18 फीट ऊंची मूर्ति की कैबिनेट मंत्री सह कोरबा नगर विधायक लखन लाल देवांगन ने पूजा-अर्चना कर अनावरण किया। इस अवसर पर मंत्री श्री लखन लाल लाल देवांगन ने जेसीआई कोरबा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जब वह कोरबा के महापौर थे तब इस मुक्तिधाम का कायाकल्प किया गया था। जेसीआई ने इस मुक्तिधाम की व्यवस्था कब बेहतर तरीके से रखरखाव एवं संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री टी एन बजाज, श्री अभिषेक अग्रवाल श्री राम कुमार सोनी, श्री रोहित असरानी , श्री निश्छल टमकोरिया,श्री पी एस गांधी जी, सभापति श्री नूतन सिंह , भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद श्रीमती रूबी सागर जी, पार्षद श्रीमती राधा महंत , पार्षद श्री तामेश अग्रवाल,पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन , मंडल अध्यक्ष श्री योगेश मिश्रा , अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री राजेंद्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे। इसी तरह मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मानिकपुर में भगवान शंकर की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना की। समिति की मांग पर मंदिर के पास सामुदायिक भवन हेतु 15 लाख की घोषणा की। नेहरू नगर कुआं भट्ट में महिला समिति द्वारा आयोजित शिव मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक में सम्मिलित होकर पूजन अर्चना किया। मंदिर परिसर में किचन शेड हेतु 5 लाख की घोषणा की। इसी तरह बालको नगर के परसा भाटा बिहीबड़ी में नवनिर्मित शंकर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के मंगल कामना की। समिति की मांग पर मंदिर परिसर में सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख की घोषणा की।

कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत गौरी शंकर मंदिर के समीप बने 10 लाख की लागत के सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर क्षेत्र वासियों ने मंत्री श्री देवांगन का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सभापति नूतन सिंह, पार्षद सुख सागर निर्मलकर, पार्षद पंकज देवांगन, पार्षद श्री नरेंद्र देवांगन, पार्षद श्री अशोक चावलानी, पार्षद श्रीमती ममता यादव, जिला उपाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल तिवारी के साथ-साथ क्षेत्रवासी अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

### राजिम कुंभ कल्प-2026 समापन समारोह

# राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की अस्मिता एवं पहचान:सीएम साय

## राजिम में सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला के लिए 50 लाख रुपये की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 16 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प 2026 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ कल्प केवल एक धार्मिक मेला नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता और पहचान का प्रतीक पर्व है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजिम में सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला निर्माण हेतु 50 लाख रुपये की घोषणा की। साथ ही, राजिम बैराज कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने और पूर्व में प्रस्तावित विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मुख्य मंच पर भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुआत भगवान श्री राजीव लोचन, कुलेश्वर महादेव, राजिम दाई, छत्तीसगढ़ महतारी और भारत माता के जयघोष के साथ की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम की पावन भूमि सदियों से तप, त्याग और साधना की साक्षी रही है। छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहे जाने वाला राजिम अपनी आध्यात्मिक गरिमा के कारण विशेष स्थान रखता है।

महाशिवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान शिव त्याग, संयम और सेवा के प्रतीक हैं, जिनका संदेश आज के युग में संतुलन और समर्पण का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए आवागमन, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवा, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में राजिम कुंभ मेला-स्थल को और अधिक सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाया जाएगा तथा इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक आयोजन के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा युवा पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का विराट उत्सव है। इस वर्ष पंचकोसी धाम और द्वादश ज्योतिर्लिंग की थीम ने आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का उत्सव है और इसे राष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध है, जिससे स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा एवं साधु-संतों की गरिमामय उपस्थिति थी।

## मधुमक्खी पालन से स्व-सहायता समूह की आय में वृद्धि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 16 फरवरी।** मधुमक्खी पालन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कम लागत में अधिक आय देने वाला प्रभावी स्वरोजगार माध्यम सिद्ध हो रहा है। बगीचा विकासखंड के ग्राम चम्पा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय पहल की गई है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना अंतर्गत के तहत स्व सहायता समूह का गठन कर महिलाओं को मधुमक्खी पालन के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित किया गया। समूह की महिलाओं को मधुमक्खी पालन हेतु 5 बक्से निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। वर्तमान में रबी सीजन के दौरान सरसों की फसल के समीप बक्से स्थापित कर वैज्ञानिक पद्धति से पालन किया जा रहा है, जिससे बेहतर उत्पादन की संभावना है। समूह द्वारा एक माह में 5 बक्सों से लगभग 10 किलोग्राम शहद का उत्पादन किया गया, जिसे स्थानीय बाजार में 500 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से विक्रय कर आय अर्जित की गई। इससे समूह की महिलाओं में उत्साह एवं आत्मविश्वास का संचार हुआ है। मधुमक्खियां परागण के माध्यम से जैव विविधता को बढ़ावा देती हैं तथा फसलों की उत्पादकता में वृद्धि करती हैं।

## लोकसंगीत और बॉलीवुड सुरों से सजा मैनपाट महोत्सव का दूसरा दिन



**रायपुर, 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के 'शिमला' के नाम से विख्यात मैनपाट में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव का दूसरा दिन सांस्कृतिक वैभव, उत्साह और जनसैलाब के नाम रहा। सुरों की मधुर गूंज, रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां और मेले की चहल-पहल ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। मशहूर छत्तीसगढ़ी लोकगायिका अलका चंद्राकर और इंडियन आइडल फेम वैशाली रायकवार की शानदार प्रस्तुतियों ने देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरुआत अलका चंद्राकर की भक्तिमय जसगीत प्रस्तुति से हुई, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। इसके बाद ददरिया, सुवा गीत और पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोकधुनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी सुमधुर आवाज और मंच पर सहज प्रस्तुति ने लोकसंस्कृति की छटा बिखेर दी।

वैशाली रायकवार ने अपने दमदार स्वर और लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों की श्रृंखला से महफिल में जोश भर दिया। एक के बाद एक प्रस्तुत गीतों पर दर्शक झूमते रहे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा परिसर गूंज उठा। युवा दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। जांजगीर-चांपा से आए शांति प्रतिमा डांस ग्रुप के ट्रांसजेंडर कलाकारों ने 'नौ दुर्गा' स्वरूप में भावपूर्ण नृत्य-नाटिका प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। उनकी ऊर्जा, अभिव्यक्ति और समर्पण ने कार्यक्रम को विशेष आयाम दिया। स्थानीय कलाकारों-आँचल मदलियार, मनप्रीत, दिलबाग सिंह, माही जायसवाल और हर्ष पूरी–ने भी अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय, अंबिकापुर की छात्राओं ने कत्थक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति देकर शास्त्रीय कला की गरिमा को मंच पर जीवंत किया। वहीं स्कूली बच्चों ने गीत और नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ महोत्सव स्थल पर सजे भव्य मेले में देर शाम तक भारी भीड़ उमड़ती रही। झूले, खानपान और विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे। पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने बोटिंग का भरपूर आनंद लिया। दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों के बीच हुए रोमांचक और दमदार मुकाबलों को देखने के लिए दर्शकों में विशेष उत्साह देखा गया। हर दांव-पेच पर तालियों और उत्साहवर्धन की आवाजें गूंजती रहीं। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अजीत वसंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमोलक सिंह ढिल्लो, जनपद उपाध्यक्ष श्री अनिल सिंह, श्री रजनीश पाण्डेय, श्री राम यादव सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। मैनपाट महोत्सव का दूसरा दिन सांस्कृतिक एकता, लोकपरंपरा और आधुनिक मनोरंजन का जीवंत उदाहरण बना। संगीत, नृत्य और रोमांच से सजी यह शाम लंबे समय तक लोगों की यादों में बनी रहेगी।

## शिव आरती, दीपोत्सव और आतिशबाजी के साथ पाली महोत्सव-26 का शुभारंभ



**रायपुर, 16 फरवरी।** ऐतिहासिक नगरी पाली में आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पाली महोत्सव 2026 का शुभारंभ शिव आरती, दीपोत्सव और भव्य आतिशबाजी के साथ हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में शाम लगभग 7 बजे पाली शिव मंदिर घाट में शिव आरती और दीपोत्सव ने समां बांध दिया। पाली के ऐतिहासिक शिव मंदिर और सरोवर के चारो ओर दीपों की जगमगाती रोशनी और शांत माहौल में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत का मेल दिखाई दिया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, श्रम, उद्योग, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान गंगा आरती, धूप आरती के साथ धार्मिक माहौल दिखाई दिया। मंत्री श्री देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने पाली के ऐतिहासिक मंदिर में पूजा अर्चना भी किया और सभी के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष श्री अजय जायसवाल तथा ग्राम पंचायत केराझरिया की सरपंच श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैंकरा,पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन अन्य जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी आदि उपस्थित रहें।

## आत्मनिर्भरता और तकनीकी समृद्धि की नई राह खोलेगा एग्रीटेक कृषि मेला: गुरु खुशवंत साहेब

**रायपुर, 16 फरवरी।** जांजगीर-चांपा जिला में 11 से 13 फरवरी तक शासकीय हाईस्कूल मैदान, जांजगीर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, जर्वे में आयोजित तीन दिवसीय जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 का समापन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा जाज्वल्या 2026 स्मारिका का विमोचन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंथी नृत्य एवं मल्लखंभ की आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि एग्रीटेक कृषि मेला 2026 किसानों और युवाओं के लिए नवाचार का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि जांजगीर-चांपा कृषि की समृद्ध धरती है, जहां परंपरा और आधुनिक तकनीक का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है।

उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक, आधुनिक कृषि उपकरणों एवं नवीन तकनीकों के उपयोग से किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा युवाओं को एग्री-उद्यमी बनने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिले के कृषक तकनीकी नवाचार अपनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होंगे।

मंत्री श्री साहेब ने कहा कि समाज का कोई भी वर्ग मुख्यधारा से पीछे न रहे, यह सरकार का संकल्प है। कौशल विकास एवं आर्थिक अवसरों के माध्यम से सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।



### कलार समाज के केराझरिया में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समाज हित में शिक्षा पर जोर दिया




**कोरबा, 16 फरवरी ।** सर्ववर्गीय कलार समाज का वार्षिक अधिवेशन पाली केराझरिया स्थित कलार समाज के भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दूरस्थ अचल व 11 इकाइयों से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कुलदेवी माता महामाया तथा भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की प्रतिमा पर धूप-अगरबत्ती के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कुलदेवी माता महामाया एवं भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की स्वास्थ्य मंत्री ने समाज के लोगों के साथ पूजा कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष पाली कटघोरा बृजमोहन डिक्सेना,सर्ववर्गीय कलार समाज अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना, सचिव कटघोरा पाली परिक्षेत्र देववाल डिक्सेना, सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, जनपद सदस्य सत्यनारायण पैकरा, अजय जायसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष आदि उपस्थित थे। मंत्री जायसवाल ने कहा कि समाज हित के लिए हर प्रयास करें, शिक्षा को विशेष रूप से अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज के इतिहास को करीब से जान सकता है। हरसंभव मदद के लिए तथा समाज में समर्पण करने वाले लोगों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

उन्होंने 25 लाख रुपए नए भवन निर्माण के लिए देने की घोषणा की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी प्रसाधन के लिए 5 लाख की घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा समाज में लगातार विशेष योगदान के लिए महाबीर डिक्सेना, नंदलाल जायसवाल, कीर्ति कुमार जायसवाल, दिनेश जायसवाल का शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत औषधीय पौधों का रोपण अतिथियों द्वारा किया गया।ह्यह्यह्य

# अर्थव्यवस्था को लेकर केंद्र पर बघेल का हमला, कहा- 2014 से पहले जितना कर्ज, अब उससे 3 गुना ज्यादा

**रायपुर, 16 फरवरी।** भारत की मौजूदा अर्थव्यवस्था को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने हमलावर होते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भारत कितना कर्जा था और मौजूदा समय में यह कितना है, इसकी तुलना कर लें. दावा करते हुए कहा कि देश पर 2014 से पहले जितना कर्ज था, वह अब तीन गुना ज्यादा है. भाजपा को पहले अर्थव्यवस्था कैसी है वह देख लेनी चाहिए. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वह केवल अपने मित्रों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं.



**डिप्टी सीएम साव के बयान पर भूपेश का पलटवार :** डिप्टी सीएम साव के कांग्रेस जिला अध्यक्षों की परफॉर्मेंस को लेकर दिए बयान पर पूर्व सीएम बघेल ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अरुण साव अपने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जो-जो वादे किए थे सभी की समीक्षा करें. पहले देख लें कि वह कितने वादों पर खरा उतरे और क्या नहीं कर पाए. कांग्रेस को सीख देने की कोशिश न करें.

**बघेल जा रहे हैं पंजाब:** पंजाब कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल आज चंडीगढ़ पहुंचेंगे. उन्होंने अपने दौरे को लेकर जानकारी दी कि चंडीगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक है, जिसमें वह शामिल होंगे. मनरेगा बचाओ महासंग्राम, अमेरिका टैरिफ जैसे मुद्दों पर सरकार के खिलाफलड़ाई शुरू की जाएगी.

## मिड-डे मील योजना बंद होने के कगार पर : वंदना राजपूत

**रायपुर, 16 फरवरी।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मिड डे मील योजना को बंद करने का भाजपा सरकार षड्यंत्र कर रही है। पिछले 40 दिनों से बच्चों को पोषण आहार नहीं मिल रहा है जिसके कारण बच्चों की स्कूलों में उपस्थिति कम होती जा रही है। मिड डे मील योजना स्कूली बच्चों में कुपोषण, भूख और शिक्षा की कमी जैसे समस्याओं के समाधान के लिए शुरू किया गया था, जिसमें सरकार को सफलता भी मिल रही थी लेकिन वर्तमान भाजपा के सरकार में स्पष्ट नीति नहीं होने के कारण मध्यान भोजन बंद होने के कगार पर आ गया है। पिछले लगभग 40 दिनों से बच्चों को मध्यान्ह भोजन नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि रसोईया संघ प्रदेश व्यापी हड़ताल पर पिछले लगभग 40 दिनों से है। हड़ताल के दौरान दो महिलाओं की मौत हो जाती है, कई महिलाओं की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। भाजपा, भाषण में महिला सशक्तिकरण पर बड़ी-बड़ी और लुभावने बातें करते हैं लेकिन धरातल पर महिलाएं अपने अधिकार की लड़ाई लड़ते-लड़ते मर रही है।



## भाजपा सरकार के मंत्री और नेताओं को दो साल की काली कमाई असम चुनाव में खर्च करने की जिम्मेदारी : बैज

**रायपुर, 16 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने असम चुनाव में भाजपा सरकार के मंत्री एवं नेताओ को जिम्मेदारी मिलने पर तंज कसा कहा कि दो साल में भ्रष्टाचार से की गई काली कमाई को असम चुनाव में खर्च करने की जिम्मेदारी दी गई है भाजपा सरकार ने प्रदेश को अवैध उगाही का चारागाह बना दिया है।हर योजना में गड़बड़ी घोटाला किया जा रहा है सरकारी खजाने को लूटा जा रहा है भाजपा के बड़े नेता प्रदेश से 1500 करोड़ की मांग किये है।बड़े नेताओं की मांग को पूरा करने जम्बूरी घोटाला,कन्या विवाह में घोटाला,शराब घोटाला,चांवल घोटाला,पीडब्ल्यूडी विभाग में घोटाला,वन विभाग में घोटाला ,जेम पोर्टल खरीदी में घोटाला धान खरीदी दवा खरीदी में घोटाला किया गया है।प्रदेश की जंगलों की कटाई की अनुमति देकर मोटी रकम वसूली की गई है।ये सब पैसा अब प्रदेश के बाहर होने वाले विधानसभा चुनाव में खर्च किये जायेंगे।



## एक नजर

### होली के लिए बाजार सजे, चार मार्च को मनाया जाएगा त्योहार

**रायपुर, 16 फरवरी।** इस बार होली मार्च के प्रथम सप्ताह को पड़ रही है। होलिका दहन तीन मार्च को होगा और रंगोत्सव 4 मार्च को प्रदेशवासियों द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। होली को लेकर रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के चिल्हर दुकानदार रंग गुलाल अबीर, पिचकारी गोल बाजार बंजारी रोड से लेते दिखाई दिया। मालवीय रोड बंजारी रोड, गोल बाजार सहित क्षेत्रिय बाजार जैसे पुरानी बस्ती, टिकरापारा, रामसागर पारा, गुढ़ियारी, रामनगर, टाटीबंध, दलदल सिवनी मोवा सड्डू सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोग होली की तैयारी के लिए खरीददारी करते दिखे। पिचकारी में इस बार लेटेस्ट मॉडल आए है। छोटे बच्चों के लिए रंग बिरंगी आकर्षक पिचकारियां बिकने के लिए आई है। इसी तरह दुकानदार भी होली की तैयारी के लिए अपनी अपनी दुकानें सजाना शुरू कर दिये है। फाल्गुन का महिना चल रहा है इसलिए कहीं कहीं पर रविवार को देर रात नगाड़ा बजने की आवाज भी वातावरण में गुंज रही है।

### ग्राम टेमरी के ग्रामीणों ने किया लोकभवन का भ्रमण

**रायपुर, 16 फरवरी।** राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर लोकभवन की गतिविधियों से जनसामान्य को जोड़ने के उद्देश्य से लोकभवन का भ्रमण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के ग्राम टेमरी के जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूहों के सदस्यों और अन्य ग्रामीणों ने सरपंच श्री शिवमूर्ति कोसले और विहान स्व सहायता समूहों की प्रमुख सुश्री गीता बंजारे के साथ आज लोकभवन का भ्रमण किया। उन्हें लोकभवन परिसर स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम, उदंती परिसर, कन्हार परिसर, डिस्पेंसरी, सचिवालय की विभिन्न शाखाओं और हरे-भरे उद्यान का भ्रमण कराया गया और इन स्थानों के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। ग्रामीणों ने परिसर में स्थापित तोप का भी अवलोकन किया यह वर्ष 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान उपयोग में लाया गया था। भ्रमण एवं अवलोकन के बाद ग्रामीणों ने बताया कि लोकभवन में आकर उन्हें बहुत आनंद का अनुभव हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस ग्राम को राज्यपाल श्री डेका ने गोद लिया है।

### लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ की हुई बैठक

**रायपुर, 16 फरवरी।** अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त लिपिकों की समस्याओं पर विचार करने के लिए कल 14 फरवरी को यहाँ छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ रायपुर जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष जवाहर यादव ने आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बैठक में प्रदेश भर के अनुकंपा नियुक्त अनेक लिपिक शामिल हुए. उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार -विमर्श किया गया । अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त लिपिकों की मुख्य समस्या वेतन वृद्धि प्रकरणों में कोष, लेखा एवं पेंशन द्वारा की जा रही वसूली और वर्ष 2024 से शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परिषद द्वारा उनके लिए ली जाने वाली कौशल परीक्षा के बारे में बैठक में चर्चा की गई। यादव ने बताया कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से जारी होने वाले अनुकंपा नियुक्ति आदेशों में काफी भिन्नता रहती है.एक ही नियोक्ता के छह महीने के भीतर ही प्रसारित अनुकंपा नियुक्ति आदेशों में भिन्नता के कारण वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट ) लगाने पर अधिक भुगतान मानकर कोष लेखा एंव पेंशन द्वारा उसकी वसूली की जा रही है. बैठक में आए अनुकम्पा नियुक्त लिपिकों का कहना था कि ऐसे प्रकरणों में लोकहित में सहानूभूति पूर्वक विचार करने और वसूली प्रक्रिया को शिथिल करने की मांग सरकार से की जानी चाहिए। बैठक में यह भी बताया गया कि कई विभागों के द्वारा नियुक्ति आदेश प्रसारित करने के बाद भी समय पर कौशल परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाता।

नई थीम और नए विजन के साथ

# छग का बजट 24 फरवरी को होगा पेश : ओपी चौधरी



**रायपुर, 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का 23 जनवरी से बजट सत्र शुरू होने जा रहा है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी 24 जनवरी को सदन के पटल पर अपनी सरकार के तीसरे बजट को पेश करेंगे. आगामी बजट सत्र को लेकर मंत्री ओपी ने बताया कि यह उनकी सरकार का तीसरा बजट होगा, जो नई थीम और नए विजन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा. मंत्री ने कहा कि बजट की रणनीति 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप तैयार की गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को ध्यान में रखते हुए विकसित छत्तीसगढ़ विजन डॉक्यूमेंट की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम होगा. 2047 के लॉन्ग टर्म प्लान और शॉर्ट टर्म प्लानिंग के तहत बजट में स्पष्ट रोडमैप देखने को मिलेगा.

### विपक्ष सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रहा : वित्त मंत्री

बजट को लेकर कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पूर्व में राजीव गांधी योजना के तहत चार किस्तों में राशि दी जाती थी, जबकि भाजपा सरकार हर साल उससे अधिक राशि दे रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पांच वर्षों में जितनी राशि नहीं दे पाई, उससे अधिक उनकी सरकार दे रही है। हर वर्ष 8000 करोड़ रुपए माता-बहनों के खातों में ट्रांसफर किए जा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष केवल आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रहा है. सरकार विकास कार्यों पर केंद्रित है, जो विपक्ष को स्वीकार नहीं हो रहा.

ऑपरेशन शील्ड में पुलिस की बड़ी सफलता

# राजस्थान से ठगी के 2 और मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## वर्क-फ्रॉम-होम के नाम पर किया था लाखों का स्कैम

**रायपुर, 16 फरवरी।** राजधानी रायपुर की पुलिस ने ऑनलाइन जॉब के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफएक बड़ी सफलता हासिल की है. आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देशन में चल रहे 'ऑपरेशन साइबर शील्ड' के तहत पुलिस ने राजस्थान से दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इन आरोपियों पर देश के विभिन्न राज्यों में 13 से ज्यादा साइबर अपराध के मामले दर्ज हैं.

पुलिस के अनुसार, ठगों ने 'वर्क-फ्रॉम-होम' और घर बैठे मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर रायपुर के 2 नागरिकों को अपना शिकार बनाया था। थाना राखी क्षेत्रः प्रार्थी पारस कुमार धीवर से 24 लाख रुपये की ठगी. थाना धरसीवां क्षेत्रः प्रार्थी ललित साहू से 34 लाख रुपये की धोखाधड़ी. इन मामलों की गंभीरता को देखते हुए आईजी रायपुर रेंज ने विशेष टीम का गठन किया था. तकनीकी साक्ष्यों, बैंक खातों और टेलीग्राम चैट के विश्लेषण के बाद पुलिस की टीम ने राजस्थान और महाराष्ट्र में छापेमारी की.

**पकड़े गए मुख्य आरोपी:** पुलिस ने इस मामले में पहले तीन आरोपियों (भवानी सिंह, उत्पल पंचारिया और साहिल संतोष) को गिरफ्तार किया था. उनसे पूछताछ के आधार पर अब दो और मास्टरमाइंड पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। आशीष परिहार (28 वर्ष): निवासी नसीराबाद, जिला अजमेर (राजस्थान). लक्ष्मन देवासी (37 वर्ष): निवासी जिला पाली (राजस्थान). इन दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है. जांच में सामने आया है कि यह गिरोह सुनियोजित तरीके से देशभर में लोगों को अपना निशाना बना रहा था.



### सावधान! कहीं आप भी तो नहीं फंस रहे इस जाल में?

रायपुर पुलिस ने इस कार्रवाई के साथ ही आम जनता के लिए एडवाइजरी भी जारी की है. अगर आपको भी ऐसे ऑफर मिल रहे हैं, तो सतर्क हो जाएं:

#### ऐसे पहचानें ठगों का जाल

**टास्क या रिव्यू जॉब:** यूट्यूब वीडियो लाइक करने या होटल रिव्यू के बदले पैसे देने का लालच.

**शुरुआती फीस:** काम शुरू करने से पहले रजिस्ट्रेशन या सिक्योरिटी के नाम पर पैसे मांगना.

**अनजान मैसेज:** वॉट्सऐप या टेलीग्राम पर अनजान नंबरों से 'पार्ट टाइम जॉब' के ऑफर आना.

#### बचने के उपाय


**पैसे न दें:** कोई भी असली कंपनी नौकरी देने के लिए पैसे नहीं मांगती.

**एप वेरिफिकेशन:** अनजान लिंक या एपीके फाइल डाउनलोड न करें, केवल आधिकारिक स्टोर का उपयोग करें.

**गोपनीयता:** कभी भी अपना ओटीपी, बैंक डिटेल या पीआई पिन किसी के साथ साझा न करें.

## रायपुर को शहरी बाढ़ के खतरे से सुरक्षित करने की दिशा में सांसद की बड़ी पहल

**रायपुर। 16 फरवरी।** राजधानी रायपुर में लंबे समय से चली आ रही जलभराव और शहरी बाढ़ की समस्याओं के निपटारे और बाढ़ के बढ़ते खतरे से स्थायी सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक निर्णायक कदम उठाते हुए रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से 220 करोड़ के व्यापक 'शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम' को सैद्धांतिक मंजूरी देने का अनुरोध किया है।



» 220 करोड़ की शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन योजना को शीघ्र स्वीकृति देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री शाह को लिखा पत्र

अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया कि रायपुर शहर के लिए इस महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत 220 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति का प्रस्ताव एनडीएमए को प्रस्तुत किया गया था। 10 नवंबर 2025 को जारी नवीन दिशानिर्देशों के अनुरूप छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव में आवश्यक संशोधन किए गए, जिसे 23 जनवरी 2026 को राज्य कार्यकारी समिति से विधिवत स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा दिए गए सभी सुझावों एवं टिप्पणियों का समाधान करते हुए अनुपालन रिपोर्ट सहित संशोधित प्रस्ताव पत्र क्रमांक 504/पीडब्ल्यूडी/एनएनआर/2026 के माध्यम से पुनः प्रस्तुत किया गया है। इसके बावजूद अंतिम स्वीकृति लंबित है। बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि, रायपुर के तेजी से होते शहरीकरण के कारण यहाँ का ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर (निकासी व्यवस्था) पीछे छूट गया है, जिससे मानसून के दौरान गंभीर जलभराव की स्थिति बन जाती है। भाठागांव, प्रोफेसर कॉलोनी और अवंती विहार जैसे निचले इलाकों के निवासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है, जहाँ भारी बारिश के कारण सड़कें जलमग्न हो जाती हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।

## सरकार ने लाइसेंस फीस और बैंक गारंटी में की भारी कटौती, एयरपोर्ट पर भी मिलेगी शराब

### छत्तीसगढ़ में अब बार-क्लब खोलना हुआ आसान

**रायपुर, 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने प्रदेश की नई आबकारी नीति में बड़े बदलाव करते हुए होटल, रेस्टोरेंट और क्लब संचालकों को बड़ी राहत दी है. सरकार ने नए व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाइसेंस फीस में भारी कमी की है, जिससे अब राज्य में बार खोलना पहले के मुकाबले काफी सस्ता हो जाएगा.

**लाइसेंस फीस में 6 लाख की बचत:** राज्य सरकार ने उन शहरों के लिए बड़ा फैसला लिया है जिनकी आबादी 7 लाख से अधिक है. यहां एफएल-2 (क) और FL-3 (क) श्रेणी के बार के लिए लाइसेंस शुल्क को 24 लाख रुपये से घटाकर 18 लाख रुपये कर दिया गया है.

**बैंक गारंटी में भी राहत:** केवल लाइसेंस फीस ही नहीं, बल्कि सरकार ने अनिवार्य बैंक गारंटी की राशि को भी कम कर दिया है. इससे नए कारोबारियों पर शुरुआती वित्तीय बोझ कम होगा और इन्वेस्टमेंट बढ़ेगा.

**थ्री स्टार होटलों को फायदा:** क्लबों के साथ-साथ थ्री-स्टार और उससे ऊपर की श्रेणी वाले होटलों की लाइसेंस फीस में भी रियायत दी गई है.

इस नई नीति का सबसे चर्चित हिस्सा राजधानी रायपुर का स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा है. साल 2026-27 के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत एयरपोर्ट पर बार खोलने की अनुमति दे दी गई है. एयरपोर्ट अथॉरिटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद अब यात्री वहां के रेस्टोरेंट्स में विदेशी शराब का आनंद ले सकेंगे. माना जा रहा है कि इस फैसले से पर्यटकों और यात्रियों के अनुभव में सुधार होगा.



#### समय में कोई बदलाव नहीं

भले ही फीस और नियमों में ढील दी गई है, लेकिन बार संचालन के समय को लेकर सख्ती बरकरार है. पूरे प्रदेश में बार पहले की तरह ही सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक ही संचालित किए जा सकेंगे. समय-सीमा में किसी भी तरह का विस्तार नहीं किया गया है.

सरकार के इस कदम को व्यापारिक दृष्टिकोण से 'Ease of Doing Business' को बढ़ावा देने वाला माना जा रहा है, जिससे पर्यटन और आबकारी राजस्व दोनों में बढ़ोतरी की उम्मीद है.

## सिक्किम के विकास कार्यों का अवलोकन करेगी छग की 12 सदस्यीय मीडिया टीम

**रायपुर, 16 फरवरी।** पत्र सूचना कार्यालय , भारत सरकार, रायपुर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के पत्रकारों का एक 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सिक्किम के सात दिवसीय अध्ययन प्रवास पर रवाना हो रहा है। इस विशेष प्रेस टूर का उद्देश्य सिक्किम में केंद्र सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी परियोजनाओं, बुनियादी ढांचे के विकास और सामरिक महत्व के कार्यों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना है। 15 से 21 फरवरी तक चलने वाले इस दौरे के दौरान मीडिया टीम सिक्किम की भौगोलिक चुनौतियों के बीच हो रहे इंजीनियरिंग नवाचारों और विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों की दिशा में हो रही प्रगति का दस्तावेजीकरण करेगी।

इस प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ के प्रमुख मीडिया संस्थानों के 10 वरिष्ठ पत्रकार और पीआईबी रायपुर के एक अधिकारी व एक कर्मचारी शामिल हैं। दल का नेतृत्व सहायक निदेशक सुदीप्त कर और यंग प्रोफेशनल पुरुषोत्तम झा कर रहे हैं। पत्रकारों की सूची में एएनआई से संदीप प्रधान, पीटीआई से टिकेश्वर पटेल, दैनिक भास्कर से प्रमोद कुमार साहू, अमृत संदेश से संजीव कुमार वर्मा, और विस्तार न्यूज से अभिषेक तिवारी शामिल हैं। इसके साथ ही दण्डकारण्य समाचार के टीनकेश्वर तिवारी, दैनिक विश्व परिवार के हरि शंकर सोनी, समवेत शिखर के शंकर चंद्राकर, अमन पथ के रमेश पांडे और बीएसटीवी के अविनाश चंद्रवंशी भी इस अध्ययन यात्रा का हिस्सा हैं।

यात्रा के विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार, मीडिया टीम सिक्किम की पहली रेल लिंक परियोजना 'सेवोक-रंगपो रेलवे लाइन' का साइट विजिट करेगी, जो अपनी जटिल सुरंग निर्माण कला के लिए जानी जाती है। दल द्वारा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नाथू ला दर्रा, बाबा मंदिर और त्सोमगो झील का भी दौरा किया जाएगा, जहाँ सीमा सड़क संगठन द्वारा किए जा रहे बुनियादी ढांचा कार्यों को कवर किया जाएगा। इसके अलावा, आईटीबीपी द्वारा 'थेगु' में विकसित 'वाइब्रेंट विलेज', पेलिंग का प्रसिद्ध स्काईवॉक और भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के केंद्रों का भी भ्रमण किया जाएगा। प्रवास के दौरान मीडिया टीम सिक्किम के राज्यपाल और मुख्यमंत्री से भी औपचारिक भेंट करेगी, जिसमें राज्य के विकास में केंद्र-राज्य सहयोग पर चर्चा प्रस्तावित है।

बिछी सियासी बिसात | अप्रैल में रिक्त होंगी राज्यसभा की दो सीटें, भाजपा-कांग्रेस में प्रत्याशी चयन में खींचतान

# केटीएस तुलसी और फूलोदेवी नेताम का कार्यकाल होगा समाप्त, कांग्रेस और भाजपा को मिलेगी एक-एक सीट

■ कांग्रेस में बाहरी बनाम स्थानीय चेहरे को लेकर बहस, खींचतान का दौर

**रायपुर, 16 फरवरी।** राज्य में अप्रैल में होने वाले राज्यसभा की दो सीटों के चुनाव के लिए सियासी बिसात बिछ चुकी है। केटीएस तुलसी और फूलोदेवी नेताम का कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के हिस्से में एक-एक सीट जाना तय माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ में खाली हो रही दो सीटों ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है।



**भाजपा में वापसी की कोशिश:** सत्ताधारी भाजपा में विधानसभा चुनाव हार चुके कई नेता राज्यसभा के जरिए सक्रिय राजनीति में लौटने की कोशिश में हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस बार संगठन से जुड़े किसी स्थानीय चेहरे को मौका दिया जा सकता है।

### राज्यसभा में कांग्रेस का दबदबा

राज्य की पांच राज्यसभा सीटों में फिलहाल चार कांग्रेस और एक भाजपा के पास है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 68 सीटें मिलने के बाद समीकरण बदले थे। 2018 से 2023 के बीच रिक्त हुई चारों सीटें कांग्रेस को मिलीं। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के 54, कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का एक विधायक है। वर्तमान संख्या बल के आधार पर भाजपा के हिस्से में तीन और कांग्रेस के खाते में दो सीटें आने की संभावना जताई जा रही है।

### कांग्रेस में सिंघवी के नाम की चर्चा

कांग्रेस खेमे में वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी के नाम की चर्चा से प्रदेश इकाई में गुटबाजी देखी जा रही है। चर्चा है कि तेलंगाना में बाहरी उम्मीदवार के रूप में विरोध झेल रहे सिंघवी के लिए छत्तीसगढ़ को विकल्प बनाया जा सकता है। सिंघवी के पक्ष में केंद्रीय नेतृत्व की पैरवी और प्रदेश के शीर्ष नेताओं के कानूनी मामलों में उनकी भूमिका को अहम माना जा रहा है। हालांकि स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा पार्टी के भीतर मतभेद पैदा कर रहा है। एक धड़ा फिर किसी बाहरी को मौका देने के विरोध में है। बताया जा रहा है कि स्थानीय नेता अपनी बात रखने के लिए दिल्ली में हाईकमान से मुलाकात कर सकते हैं।



स्कूल शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला

# अब कक्षा 5वीं-8वीं का कोई भी छात्र नहीं होगा फेल, असफल होने पर भी मिलेगा दोबारा मौका

**रायपुर, 16 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में 5वीं-8वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल जारी हो गया है। 5वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 16 मार्च से शुरू होगी, जबकि 8वीं कक्षा की परीक्षा 17 मार्च से आयोजित की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा को लेकर स्पष्ट किया है कि, इस साल किसी भी बच्चे को फेल नहीं किया जाएगा।

विभाग के फैसले के मुताबिक यदि कोई छात्र मुख्य परीक्षा में सफल नहीं हो पाता है, तो उसे सप्लीमेंट्री परीक्षा का मौका दिया जाएगा। इतना ही नहीं उसमें भी सफल नहीं होने पर छात्र को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

### 16 मार्च से 5वीं, 17 मार्च से 8वीं की परीक्षा

इस साल घोषित समय-सारणी के अनुसार 5वीं की परीक्षा 16 मार्च से और 8वीं की 17 मार्च से शुरू होगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ में इसी सत्र से पांचवी और आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित की जाएगी। साय कैबिनेट के फैसले के बाद कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा लेने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा निर्देश दिया था। इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश जारी किया गया है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26